●वर्ष : 16 ●अंक : 261 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08 RNI No. DELHIN/2008/23928

दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

सोमवार 13 जनवरी 2025

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEUTICALS (OPC) PRIVATE LIMITED

Distributorship ke liye contact Karen .
(9315755133 / ya email Karen)
angenpharmaceuticals@gmail.com

समाचार

दिल्ली में सत्ता में आने पर भाजपा सभी झुग्गी-बस्तियां ध्वस्त कर देगी : केजरीवाल

दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में अगर भाजपा सत्ता में आई तो वह दिल्ली की सभी झुग्गी-बस्तियों को ध्वस्त कर देगी। पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने यहां शकूर बस्ती क्षेत्र में एक संवाददाता सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर झुग्गीवासियों के कल्याण की बजाय भूमि अधिग्रहण को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, वे पहले आपके वोट चाहते हैं और चुनाव के बाद आपकी जमीन। उन्होंने भाजपा की जहां झुग्गी वहां मकान योजना की भी आलोचना की और इसे दिखावा बताया।

विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग

पीएम मोदी ने प्रदर्शनी का दौरा किया, युवाओं से भी की बातचीत

›› क्या है इस डायलॉग का उद्देश्य

इस डायलॉग का उद्देश्य 'पारंपरिक राष्ट्रीय युवा महोत्सव' के प्रारूप को पुनः परिभाषित करना है और इसे पीएम मोदी के स्वतंत्रता दिवस के सपने के साथ जोड़ना है, जिसमें बिना किसी राजनीतिक संबद्धता के एक लाख युवाओं को राजनीति में शामिल करना है. यह आयोजन यंग लीडर्स को भारत के विकास में अपने विचारों को कार्यान्वयन योग्य योगदान में बदलने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

नूना न्यूज एजेंसी।

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में एक प्रदर्शनी में शिरकत की. यह प्रदर्शनी स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025' के तहत आयोजित की गई है. प्रदर्शनी के दौरान, देश भर से आए युवा नेताओं ने पीएम मोदी के सामने अपने अभिनव (इनोवेटिव) योगदान और विचारों को पेश किया. साथ ही बताया कि किस प्रकार उनके प्रयास 'विकसित भारत 2047' के विजन के अनुरूप हैं।

›› प्रदर्शनी में इन चीजों पर रहा फोकस

प्रदर्शनी में डिजिटल प्रौद्योगिकी, वर्चुअल इनोवेशन और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) में प्रगति को प्रमुखता से दिखाया गया, जो एक मजबूत, स्वस्थ और समृद्ध भारत बनाने का सामूहिक उद्देश्य प्रदर्शित करता है. इस कार्यक्रम में भारत की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण दस विषयों पर युवा इनोवेटर्स द्वारा प्रस्तुति दी जाएंगी. इन प्रस्तुतियों में प्रौद्योगिकी, स्थिरता, महिला सशक्तिकरण, विनिर्माण और कृषि जैसे क्षेत्रों को शामिल किया गया है, जो देश की चुनौतियों के लिए नए समाधानों को दशार्ते हैं. बाद में, पीएम मोदी देश भर के 3,000 युवा नेताओं के साथ बातचीत करेंगे और एक संबोधन देंगे।

›› पीएम मोदी ने शनिवार को किया पोस्ट कर दी थी जानकारी

पीएम मोदी ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में इस आयोजन को भारत की युवा शक्ति के लिए समर्पित बताते हुए कहा था, "इस अवसर पर, मैं पूरा दिन अपने युवा मित्रों के साथ 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025' में बिताऊंगा. बातचीत और लंच के दौरान, हम विकसित भारत के निर्माण के उद्देश्य से विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे।

›› युवा नेताओं के साथ लंच में शामिल होंगे पीएम मोदी

कार्यक्रम के एक हिस्से के रूप में, पीएम मोदी दस विषयों पर प्रतिभागियों द्वारा लिखे गए सर्वश्रेष्ठ निबंधों का संकलन जारी करेंगे. इसके अलावा, वे युवा नेताओं के साथ लंच में शामिल होंगे. इस दौरान युवाओं को पीएम से व्यक्तिगत बातचीत का दुर्लभ अवसर भी मिलेगा, जहां वे पीएम मोदी के साथ सीधे अपने विचार, अनुभव और आकांक्षाएं साझा कर सकेंगे।

ज्वलंत मुद्दा सम्पादकीय

दिल्ली में गलत ट्रैक पर जा रही है कांग्रेस, फिर से फंस गए हैं राहुल गांधी

देश की राजनीति के मैदान में राहुल गांधी को लगातार गलतियां करने वाले नेता के तौर पर जाना जाता है। कई बार तो राहुल गांधी जीता हुआ चुनाव भी हार जाते हैं। आरोप तो यहां तक लगाया जाता है कि राहुल गांधी के इर्द-गिर्द जो नेता रहते हैं, वे चाहते ही नहीं है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस चुनाव जीते। इसलिए कांग्रेस के नेता लगातार राहुल गांधी को अजब-गजब फैसले लेने के लिए उत्साहित और प्रेरित करते रहते हैं। राहुल गांधी कई बार चुनावी मैदान में सेल्फ गोल करते दिखाई देते हैं तो कई बार गलत ट्रैक पर जाकर रास्ता ही भटक जाते हैं। दिल्ली विधानसभा जैसे महत्वपूर्ण चुनाव में भी एक बार फिर से राहुल गांधी गलत ट्रैक पर जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह बात बिल्कुल सौ फीसदी सही है कि कांग्रेस के वोट बैंक को छीनकर ही आम आदमी पार्टी दिल्ली में अपराजेय पार्टी के तौर पर स्थापित हुई है लेकिन उतना ही बड़ा सच यह भी है कि कांग्रेस पार्टी अपना वह पुराना वोट बैंक आप से पूरी तरह से छीनने की स्थिति में नहीं है। ऐसे में बेहतर तो यह होता कि कांग्रेस अपने पुराने वोट बैंक को पाने के लिए फेज वाइज रणनीति बनाकर, उसे अमल में लाती लेकिन इसकी बजाय कांग्रेस रणनीतिक तौर पर एक बहुत बड़ी गलती करते हुए दिखाई दे रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपनी खोई जमीन पाने के लिए कांग्रेस टडर फॉर्मूला अपनाने जा रही है। यानी कांग्रेस दिल्ली में अल्पसंख्यक अर्थात मुस्लिम बहुल सीटों के साथ ही उन विधानसभा सीटों पर फोकस करेगी ,जहां-जहां ओबीसी और दलित मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। हकीकत में कांग्रेस यहीं सबसे बड़ी गलती करने जा रही है। राहुल गांधी के करीबियों ने उन्हें यह सलाह देकर,एक बार फिर से उनके नेतृत्व में पूरी कांग्रेस पार्टी को गलत ट्रैक पर डाल दिया है। मंडल-कमंडल की राजनीति के दौर के बाद ओबीसी यानी अन्य पिछड़े वर्ग के मतदाता पूरी तरह से कांग्रेस से विमुख हो चुके हैं और इनकी वापसी की संभावना फिलहाल दूर-दूर तक नजर नहीं आ रही है। ऐसे में कांग्रेस के इस फॉर्मूर्ले का असफल होना तय माना जा रहा है।

SYED ZAKI HAIDER

(EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

बीजेपी ने आम आदमी पार्टी पर लगाए संगीन आरोप

›› पार्टी ने आरोपों को 'राजनीति से प्रेरित' बताते हुए किया खारिज

नूना न्यूज एजेंसी।

दिल्ली। पुलिस ने फर्जी आधार कार्ड की जांच के सिलसिले में आप विधायक मोहिंदर गोयल को नया नोटिस जारी किया है। इसको लेकर भारतीय जनता पार्टी की नेता स्मृति ईरानी ने रविवार को आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा। ईरानी ने दावा किया कि आप विधायक मोहिंदर गोयल और जय भगवान उपकार बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए फर्जी आधार कार्ड बनाने में शामिल हैं। मीडिया से बात करते हुए ईरानी ने कहा, 'आप के दो विधायक बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए फर्जी आधार कार्ड बनाने की साजिश में शामिल हैं। दिल्ली पुलिस ने आप विधायक और उनके कर्मचारियों को दो नोटिस जारी किए हैं, लेकिन दोनों ने जांच में सहयोग नहीं किया है। ईरानी ने आगे कहा, 'आम आदमी पार्टी के नेता राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े ऐसे मुद्दों पर चुप क्यों हैं? वे घुसपैठिए कौन हैं जो फर्जी वोटर कार्ड बनाकर हमारे देश के लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर करना चाहते हैं? आम आदमी पार्टी के विधायक जांच एजेंसियों के साथ समन्वय क्यों नहीं कर रहे हैं? आम आदमी पार्टी बांग्लादेशी घुसपैठियों के समर्थन में खड़ी है। भाजपा नेता के आरोपों को आप ने 'राजनीति से प्रेरित' बताते हुए खारिज कर दिया है। उन्होंने एएनआई से कहा कि यह बांग्लादेशियों के लिए (आधार) कार्ड बनाने का मामला है। जबकि मेरी तरफ से आज तक ऐसा कुछ नहीं किया गया है। यह केवल राजनीति से प्रेरित है। हम न तो कोई गलत काम करते हैं और न ही हम किसी गलत काम के पक्ष में हैं। यह सब राजनीति से प्रेरित है। और मुझे लगता है कि हमारे स्थानीय उम्मीदवारों का इसमें कुछ हाथ है।

सार संक्षेप

कार के लॉरी से टकराने से तीन लोगों की मौत

काकीनाडा : आंध्रप्रदेश के काकीनाडा से 35 किलोमीटर दूर काठीपुड़ी के पास में शनिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक कार के अनियंत्रित होकर एक खड़ी लॉरी से टकरा जाने से तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि यह दुर्घटना तब हुई जब कार में सवार लोग अन्नवरम के पवित्र मंदिर की तीर्थयात्रा पर थे और भीमावरम शहर के रहने वाले थे। मृतकों की पहचान चव्वाकुला श्याम प्रसाद (49), करीमसेट्टी शिवनारायण (38) और उनकी पत्नी करीमसेट्टी दिव्या तेजस्वी (32) के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है और मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

युवक का शव बरामद

सतना : मध्यप्रदेश के सतना जिले में कई दिनों से लापता एक युवक का शव नदी में मिला है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र में राज कुमार कुशवाहा (26) वह गत नौ जनवरी से लापता था। शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में उसका शव जिगनहट नदी में मिला है। पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच में लिया है।

कांग्रेस की वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रियंका 'आप' में शामिल

नई दिल्ली : दिल्ली के कस्तूरबा नगर के कोटला मुबारकपुर वार्ड से दिल्ली महिला कांग्रेस की वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गईं। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पटका और टोपी पहनाकर प्रियंका अग्रवाल को आप की सदस्यता दिलाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान केजरीवाल ने कहा कि आप पूरी मजबूती के साथ दिल्ली का चुनाव लड़ रही है। प्रियंका अग्रवाल का 'आप' के परिवार में स्वागत है। उनके आने से कस्तूरबा नगर विधानसभा समेत पूरी दिल्ली में आप को मजबूती मिलेगी।

महिला समेत तीन पकड़े

मोतिहारी : बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में नेपाल से सटे अंतराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र से एसएसबी ने 890 पीस संदिग्ध इंजेक्शन एवं 1775 ग्राम नारकोटिक्स, साइकोट्रोपिक्स ड्रग्स व महिला सहित तीन गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि जितना थाना एवं एसएसबी की संयुक्त कारवाई में नेपाल से सटे अंतराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र से विकास कुमार को 890 पीस संदिग्ध इंजेक्शन (नेम्पुल) के साथ गिरफ्तार किया गया।

कैग की रिपोर्ट पर भाजपा-आप में जुबानी जंग

● नई दिल्ली,

दिल्ली सरकार की विवादास्पद आबकारी नीति पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की कथित रूप से लीक हुई रिपोर्ट को लेकर भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) और आम आदमी पार्टी के बीच शनिवार को जुबानी जंग शुरू हुई।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के बीच भाजपा ने आप के संयोजक एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तीखा हमला करते हुए कहा कि आप ने दिल्ली में पाठशाला बनाने का वादा करके जगह-जगह मधुशाला खुलवा दीं, आप ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा झूठे कागज अपने दफ्तर में बनाती है, उसी को दिखाकर आरोप लगाती है और फिर भाग जाती है।भाजपा नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शराब घोटाले को लेकर कैग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वर्ष 2025 चल रहा है, लेकिन मैं

आप ने दिल्ली में पाठशाला बनाने का वादा करके जगह-जगह मधुशाला खुलवा दीं

भाजपा झूठे कागज अपने दफ्तर में बनाती है, उसी को दिखाकर आरोप लगाती है

2026 की बात करने आया हूं, क्योंकि 2025 वित्तीय वर्ष है और शराब घोटाला 2026 करोड़ रुपये का है। ये झाड़ू से दारू पर आए गए। उन्होंने आप को दिल्ली की आपदा बताते हुए कहा कि आपदा का जाना जरूरी है, उस पार्टी के मुख्यमंत्री और उप-मुख्यमंत्री जेल गये। कोविड के समय सुविधाओं की कमी थी, जनता त्रस्त थी, लेकिन आम आदमी पार्टी मस्त थी, क्योंकि उस समय शराब घोटाले का ताना-बाना बुना जा रहा था। शराब घोटाले के किंगपिन अरविंद केजरीवाल हैं। इस घोटाले में 2026 करोड़ रुपये के राजस्व की हानि हुई है। भाजपा सांसद ने कहा कि दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार के 10 सालों की ये यात्रा घोटालों की है। ये स्वराज की बात करते थे, लेकिन स्वराज से शराब पर आये, इनके आठ मंत्री, 15 विधायक, एक सांसद और यहां तक कि मुख्यमंत्री और उप-मुख्यमंत्री भी जेल गए। हिंदुस्तान में आजादी के बाद कोई ऐसी सरकार नहीं होगी, जिसने इतने पाप किए होंगे, जितने आप ने किये हैं। आप के प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने भाजपा के आरोप पर संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा झूठे कागज जो अपने दफ्तर में बनाती है, उसी को दिखाकर आरोप लगाती है और फिर भाग जाती है। कक्कड़ ने कहा कि भाजपा के भाई-भतीजावाद के एक बड़े चेहरे ने एक प्रेस वार्ता की है। मुझे लगा शायद भाजपा सामने आयेगी और वोटर एडिशन और वोटर डिलीशन के मामले में सफाई देगी। वह बतायेगी कि कैसे दिल्ली में नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में ही एक ही घर के पते पर कई-कई वोट जोड़ने की अर्जी दी गयी। उन्होंने सवाल किया कि मुझे लगा कि भाजपा बताएगी कि दिल्ली में उनकी पार्टी का एजेंडा क्या है? दिल्ली में भाजपा का मुख्यमंत्री पद का चेहरा कौन है? पर भाजपा ने यह सब नहीं किया और वहीं पुराने आरोप लगाये। आप प्रवक्ता ने कहा कि आज कागज लहराकर कहा गया कि ये कैग की रिपोर्ट है।

दिल्ली चुनाव : भाजपा की दूसरी लिस्ट में 29 नाम

● नई दिल्ली,

दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने शनिवार रात 29 नामों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। 5 महिलाओं को टिकट दिया गया है, इनमें 2 एससी हैं। लिस्ट में 3 एससी नेताओं के नाम हैं।

कपिल मिश्रा को करावल नगर से टिकट मिला है। शुक्रवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के घर भाजपा कोर कमेटी और बीजेपी मुख्यालय में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई थी। इसमें कैंडिडेट्स तय किए गए थे। भाजपा ने 4 जनवरी को उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की थी। लिस्ट में 29 नाम थे। इनमें 7 नेता अअढ और कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। पार्टी ने पहली सूची में पिछले विधानसभा चुनाव में टिकट पाने वाले अधिकतर प्रत्याशियों को फिर से टिकट दिया था। पार्टी ने 13 उम्मीदवारों को रिपीट किया, जबकि 16 के टिकट बदले थे। गांधीनगर से मौजूदा विधायक अनिल बाजपेई की जगह भाजपा में आए कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली को टिकट दिया गया है। नई दिल्ली से अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रवेश वर्मा चुनाव लड़ रहे हैं।

पांच महिलाओं को टिकट इनमें 2 एससी, कपिल मिश्रा को करावल नगर से मिला टिकट

प्रधानमंत्री मोदी ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार एक मजबूत और विकसित भारत के उनके दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, स्वामी विवेकानंद की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। वह युवाओं के लिए एक शाश्वत प्रेरणा हैं और आज भी युवा मन में जुनून और उद्देश्य की

भावना प्रज्वलित करते हैं। हम एक मजबूत और विकसित भारत के उनके दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ था। उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी आज इस अवसर पर विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 कार्यक्रम में भाग लेंगे। वह 30 लाख से अधिक प्रतिभागियों में से योग्यता-आधारित, बहु-स्तरीय चयन प्रक्रिया के माध्यम से चुने गए 3,000 युवाओं के साथ संवाद करेंगे।

एचएमपी वायरस के देश में 16 केस

असम में 10 महीने का बच्चा पॉजिटिव, गुजरात में सबसे ज्यादा चार, महाराष्ट्र में आए तीन मामले

नई दिल्ली, कोरोना वायरस जैसे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के देश में कुल 16 मामले हो गए हैं। शनिवार को असम में पहला केस सामने आया। यहां 10 महीने का बच्चा पॉजिटिव है।

बच्चे का डिब्रूगढ़ में असम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (एएमसीएच) में इलाज चल रहा है। उसकी हालत स्थिर है। डॉ. ध्रुबज्योति भुइयां ने बताया कि बच्चे को चार दिन पहले सर्दी-जुकाम के लक्षणों के

चलते सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसके अलावा पुडुचेरी में भी एक तीन साल का बच्चा एचएमपीवी पॉजिटिव पाया गया, लेकिन वह अब पूरी तरह से ठीक है। देश में एचएमपीवी के सबसे ज्यादा 4 मामले गुजरात में हैं। महाराष्ट्र में 3, कर्नाटक और तमिलनाडु में 2-2, यूपी, राजस्थान, असम और बंगाल में एक-एक केस सामने आया है। एचएमपीवी केस बढ़ने पर अब राज्यों ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। पंजाब में बुजुर्गों और बच्चों को मास्क पहनने की सलाह दी गई है। इधर, गुजरात में अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड बनाए जा रहे हैं। हरियाणा में भी स्वास्थ्य विभाग को एचएमपीवी केसेस पर निगरानी रखने के आदेश दिए गए हैं। एचएमपीवी संक्रमित होने पर मरीजों में सर्दी और कोविड-19 जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर देखा जा रहा है। इनमें 2 साल से कम उम्र के बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।

घने कोहरे के कारण दिल्ली-यूपी में 133 ट्रेनें लेट

कश्मीर में तापमान माइनस 10 डिग्री, एमपी में पारा 2.8 डिग्री पहुंचा, कई जिलों में हुई बारिश

● नई दिल्ली,

देश के 16 राज्यों में लगातार दूसरे दिन घना कोहरा देखने को मिला। कई शहरों में दोपहर तक भी धुंध देखने को मिली। दिल्ली के कुछ इलाकों में विजिबिलिटी 0 रिकॉर्ड की गई। इससे 45 ट्रेनें लेट हुईं। यूपी के भी कई जिलों में विजिबिलिटी 100 मीटर तक घट गई। कानपुर स्टेशन पर करीब 88 ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच पाईं। दिल्ली और यूपी मिलाकर कुल 133 ट्रेनें लेट रहीं।

वहीं वेस्ट यूपी में शनिवार की शाम को बारिश होने के कारण ठंड और बढ़ गई है। वहीं जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी के कारण मैदानी इलाकों में सर्दी तेज हो गई है। मध्य प्रदेश के शहडोल में तापमान 2.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। राजस्थान में जयपुर, अजमेर समेत 15 शहरों में शनिवार सुबह तेज बारिश

हुई। यहां 5 जिलों में ओले गिरने का भी अलर्ट है। मौसम विभाग ने कहा कि राजस्थान में तापमान अभी और गिरेगा। जम्मू-कश्मीर का पहलगाम -10 डिग्री तापमान के साथ सबसे ठंडा रहा। हिमाचल के ताबो में तापमान माइनस 11 डिग्री दर्ज किया गया। हरिद्वार में शनिवार सुबह घना कोहरा देखने को मिला। यहां दिन में भी विजिबिलिटी कम रहने के आसार हैं। मुरादाबाद में घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी 50 मीटर से कम रिकॉर्ड की गई। दिल्ली के अक्षरधाम में कम विबिजिलिटी के कारण सड़कों पर गाड़ी चलाने में दिक्कतें हुईं। प्रयागराज में 10 डिग्री से भी कम तापमान के बीच लोगों ने नदी में स्नान किया। आज तमिलनाडु में बारिश का अलर्ट, नॉर्थ के राज्यों में बारिश के आसार और राजस्थान, एमपी, उत्तर प्रदेश और बिहार में घना कोहरा छाया रहेगा। वहीं तमिलनाडु और पुडुचेरी में भारी बारिश का अलर्ट है। उत्तर भारत के कुछ राज्यों में बारिश भी हो सकती है। वहीं 13 जनवरी 6 राज्यों में कोहरा, नॉर्थ ईस्ट में बिजली गिरने का अलर्ट है। पंजाब हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान में घना कोहरा। आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पुडुचेरी, नगालैंड, त्रिपुरा, मिजोरम, केरल में तेज हवा और बिजली गिरने का अलर्ट वहीं उत्तर भारत के कुछ राज्यों में बारिश भी हो सकती है। मध्यप्रदेश में अगले 2 दिन तक कड़ाके की ठंड पर ब्रेक रहेगा। 11 और 12 जनवरी को ग्वालियर-जबलपुर समेत 34 जिलों में बारिश होने का अलर्ट है। वहीं, नर्मदापुरम, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, हरदा, बैतूल और बुरहानपुर में शनिवार को ओले भी गिर सकते हैं। राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर शुक्रवार शाम से दिखने लगा था। अजमेर, नागौर, सीकर, फतेहपुर (सीकर), बाड़मेर, जैसलमेर में शनिवार सुबह-सुबह बारिश शुरू हो गई है। बूंदाबांदी के कारण सड़कों पर कम ही लोग नजर आए।

पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. मेराजुद्दीन का निधन

मेरठ : उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. मेराजुद्दीन अहमद का शनिवार शाम निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे। डॉ. अहमद वह कुछ समय से बीमार चल रहे थे और उन्हें गत 10 जनवरी को नई दिल्ली स्थित एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनके पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि अस्पताल में शनिवार शाम करीब 4 बजे डॉ. अहमद की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक समर्थकों में शोक की लहर दौड़ गई। डॉ. अहमद को एक सरल, विनम्र और जनता के हितों के प्रति समर्पित नेता के रूप में जाना जाता था। उनके पिता पद्मश्री हकीम सैफुद्दीन अहमद की साहित्यिक सेवाओं के लिए एक अलग पहचान थी और डॉ. अहमद ने उसे आगे बढ़ाने का काम किया।

सार संक्षेप

अक्षरा सिंह की फिल्म 'अक्षरा' रिलीज

मुंबईः भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार अभिनेत्री अक्षरा सिंह की देशभक्ति से परिपूर्ण भोजपुरी फिल्म 'अक्षरा' रिलीज हो गयी है। फिल्म अक्षरा को वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। फौजी तथा शिक्षिका के फर्ज और जिम्मेदारी पर आधारित फिल्म 'अक्षरा' में केंद्रीय भूमिका में जहां शिक्षिका के रूप में अक्षरा सिंह साक्षरता अभियान को बढ़ावा देती है तो वहीं देश की रक्षा में तैनात फौजी के रूप में अंशुमान मिश्रा देश के प्रति हर नागरिक के फर्ज और समर्पण को बल देते हैं। इस फिल्म में अक्षरा सिह ने एक ऐसी शिक्षिका का किरदार निभाया है, जो सरकारी स्कूल में हर बच्चों को साक्षर और निर्भर बनाने का काम कर रही है तो वहीं आसामाजिक तत्वों को मुंहतोड़ जवाब देते हुए लेडी सिंघम की तरह जोरदार फाइट भी करती है और दुश्मनों के दांत खट्टे कर देती हैं।

मुख्यमंत्री नीतीश की प्रगति यात्रा के विरोध में माले ने निकाला मार्च

दरभंगाः बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के विरोध में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिनवादी (भाकपा माले) से सम्बद्ध विभिन्न जनसंगठनों ने लहेरियासराय स्टेशन से विरोध जुलूस निकाला। विरोध जुलूस का नेतृत्व अखिल भारतीय किसान महासभा के राज्य सह सचिव सह भाकपा माले के राज्य कमिटी सदस्य अभिषेक कुमार, इंसाफ मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष नेयाज अहमद, मकसूद आलम,पप्पू खां, अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन (ऐपवा) की जिला सचिव शनिचरी देवी, रानी सिह,एक्टू जिला सचिव उमेश प्रसाद साह, रसोईया संघ के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, खेग्रामस के हरि पासवान,मो.जमालुद्दीन, देवेंद्र कुमार साह, रामविलास मण्डल, भाकपामाले नेता विनोद सिह, किसान महासभा के प्रवीण यादव, शिवन यादव जिला परिषद सदस्य सुमित्रा देवी ने किया। विरोध जुलूस लहेरियासराय स्टेशन से प्रगति यात्रा का ढोंग बंद करो, बाढ़ सुखाड़ एवं बंद मिलों का निदान करो, मुख्यमंत्री जवाब दो, महिलाओं के सभी कर्ज माफ करो, महिला सम्मान योजना शुरू करो, अल्पसंख्यक पीड़ितों को न्याय क्यों नहीं, सरकारी धान खरीद शुरू करो आदि स्लोगन लिखे पोस्टरों के साथ लहेरियासराय चट्टी, पुलिस लाईन, लहेरियासराय टॉवर होते हुए समाहरणालय पहुंचा।

'बहाने नहीं बदलाव चाहिए, दिल्ली में भाजपा सरकार चाहिए' : कैंपेन गीत

नई दिल्लीः भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को 'बहाने नहीं बदलाव चाहिए, दिल्ली में भाजपा सरकार चाहिए' नाम से 'कैंपेन' गीत जारी किया। इस गीत को भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने स्वरबद्ध किया है। इस मौके पर दिल्ली के भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद मनोज तिवारी, प्रदेश भाजपा के महामंत्री सांसद योगेन्द्र चांदोलिया ने संवाददाताओं को संबोधित किया। सचदेवा ने कहा कि पूरी दिल्ली में अब सिर्फ एक ही चर्चा हो रही है कि दिल्ली में भाजपा सरकार चाहिए। दिल्लीवाले पिछले 10 सालों से 'आप-दा' सरकार के दिल्लीवालों के पैसों से ऐश करने से त्रस्त है और अब समय आ चुका है जब दिल्लीवाले इसका बदला लेंगे। उन्होंने कहा कि श्री तिवारी जी द्वारा गाया गाना दिल्ली में बदलाव लाने में एक अहम रोल अदा करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आप-दा सरकार पूरी तरह से दिल्लीवालों पर भ्रष्टाचार के दानव के रुप में आपदा बनकर टूटी है और झूठे वायदे करके दिल्ली को लूटने का काम किया है

महिलाओं-बच्चों के उत्थान के लिए राज्य सरकार संवेदनशील: भजनलाल

उदयपुरः राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने महिला एवं बाल विकास को देश एवं प्रदेश की प्रगति की आधारशिला बताते हुए कहा है कि इनके सशक्तीकरण से एक अच्छे परिवार, समाज और राष्ट्र का निर्माण होता है और राज्य सरकार इनके उत्थान के लिए पूरी संवेदनशीलता से कार्य कर रही है। शर्मा शनिवार को यहां केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित चितन शिविर के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम इनसे जुड़ी योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित कर रहे हैं ताकि विकसित भारत-विकसित राजस्थान के लक्ष्य को साकार किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह चितन शिविर महिलाओं एवं बच्चों के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। इस शिविर में हम साथ मिलकर इनके भविष्य को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में चितन करें जिससे महिला एवं बाल विकास को नई दिशा मिले।

अंगोला में पिछले 24 घंटे में हैजा के 24 नये मामले मिले

लुआंडाः मध्य अफ्रीकी देश अंगोला में पिछले 24 घंटे के दौरान हैजा के 24 नए मामले सामने आये हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, स्वास्थ्य मंत्रालय (एमआईएनएसए) ने शुक्रवार शाम को हैजा प्रकोप की घोषणा की और बताया कि शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार शाम छह बजे तक कुल 119 हैजा के मामले दर्ज किये गये हैं। इनमें से 14 मामलों की पुष्टि प्रयोगशाला परीक्षण के माध्यम से हुई है, जबकि 12 नमूनों का विश्लेषण किया जाना बाकी है। मंत्रालय के अनुसार, पिछले 24 घंटों में हैजा के 24 नए मामलों में से 20 कैकुआको नगर पालिका में केंद्रित थे, जो प्रकोप का केंद्र है। कैकुआको, अंगोला की राजधानी लुआंडा प्रांत का एक उपनगरीय क्षेत्र है, जहां 12 लाख से अधिक लोग रहते हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार को पहले मामले की पुष्टि होने के बाद से अब तक 12 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। इनमें से 11 मौतें कैकुआको में हुईं।

उद्योग की तरक्की - पहली नौकरी पक्की

युवा उड़ान योजना - शिक्षित बेरोजगार युवाओं को अप्रेंटिसशिप के तहत 1 वर्ष तक 8500 देंगे।- सचिन पायलट

नई दिल्ली। 12 जनवरी, 2025 - दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव श्री सचिन पॉयलट ने आज विवेकानन्द जी के जन्मदिन राष्ट्रीय युवा दिवस पर दिल्ली के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए अपनी तीसरी गारंटी युवा उड़ान योजना जिसमें युवाओं की पहली नौकरी पक्की करेंगे जिसके तहत हम दिल्ली में फैक्ट्रियां, कम्पनियों, औद्योगिक इंकाईयों सहित मल्टी नेशनल कम्पनियों में शिक्षित बेरोजगार युवाओं को उनके स्कील और कार्य कुशलता के अनुसार वहां अप्रेंटिसशिप का मौका देकर उन्हें प्रतिमाह 8500 देंगे। युवा उड़ान योजना का ऐलान करते हुए

सचिन पॉयलट ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव 5 फरवरी को है, दिल्ली की जनता द्वारा हाथ के बटन को दबाकर कांग्रेस की सरकार बनने पर दिल्ली के निवासी शिक्षित बेरोजगार युवाओं युवा उड़ान योजना का लाभ देंगे। संवाददाता सम्मेलन को अ0भा0क0कमेटी महासचिव श्री सचिन पॉयलट, अ0भा0क0कमेटी के दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री देवेन्द्र यादव और एनएसयूआई अध्यक्ष वरुण चौधरी ने सम्बोधित किया और , अ0भा0क0कमेटी सचिव प्रभारी श्री दानिश अबरार, मीडिया नेशनल कॉआर्डिनेटर अभय दूबे, दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा, ज्योति कुमार सिंह, रश्मि सिंह मिगलानी और आस्मा तस्लीम भी मौजूद थीं।

आएगी कांग्रेस सरकार- लाऐगी युवा उड़ान - सचिन पायलट

श्री सचिन पॉयलट ने कहा कि 5 तारीख को दिल्ली में नई सरकार के चयन के लिए चुनाव होना है, राजधानी होने के कारण यहां का चुनाव महत्वपूर्ण है और चुनावों में कांग्रेस नेता ताकत के साथ अपनी जिम्मेदारी निभा रहे है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री देवेन्द्र यादव ने एक महीने तक दिल्ली न्याय यात्रा निकालकर लाखों लोगों से संवाद करके उनकी भावना, पीड़ा और परेशानियों को सुना और समझा। जनता और विशेषज्ञों से चर्चा करने के बाद ही दिल्ली के लोगों के लिए कांग्रेस पार्टी अपनी गारंटियों को पेश कर रही है। देश और राजधानी दिल्ली में बेरोजगारी बहुत बड़ी परेशानी है, दिल्ली में शिक्षित बेरोजगार युवाओं को अवसर देने की पहल करेंगे, जिस पर केन्द्र में मोदी जी और दिल्ली में अरविन्द केजरीवाल ने कभी ध्यान नही दिया।

भारत मंडपमे में आयोजित विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 में शामिल हुए पीएम मोदी

देश के नौजवानों को बताया अपना परम मित्र

दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को दिल्ली के भारत मंडपम में विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने विश्वास जताया कि युवा शक्ति का सामर्थ्य ही भारत को जल्द से जल्द विकसित राष्ट्र बनाएगा। इतना ही नहीं पीएम मोदी ने युवाओं से कहा कि बड़े सपने देखना, एक मजबूत प्रतिबद्धता बनाना और एक निर्धारित समयसीमा के भीतर उन सपनों को प्राप्त करना पूरी तरह से संभव है। ह्यविकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'किसी भी देश की प्रगति के लिए, उसे महत्वपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। एक लक्ष्य के बिना जीवन अकल्पनीय है! लक्ष्य हमें उद्देश्य और प्रेरणा प्रदान करते हैं। जब हम महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करते हैं, तो हम उन्हें पूरा करने के लिए अथक प्रयास करते हैं। आज भारत इसी भावना को मूर्त रूप दे रहा है। मोदी ने कहा कि विकसित भारत यानी जो आर्थिक, सामरिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त होगा, जहां अर्थव्यवस्था भी बुलंद होगी और पारिस्थितिकी भी समृद्ध होगी। उन्होंने कहा, 'जहां अच्छी कमाई और पढ़ाई के

ज्यादा से ज्यादा अवसर होंगे। जहां दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी कौशल से लैस होगी। जहां युवाओं के पास अपने सपने पूरा करने के लिए खुला आसमान होगा। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 कार्यक्रम में 30 लाख से अधिक प्रतिभागियों में से योग्यता-आधारित, बहु-स्तरीय चयन प्रक्रिया के माध्यम से चुने गए 3,000 युवाओं के साथ संवाद भी किया। स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ था। उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका देश के नौजवानों के साथ परम मित्र वाला नाता है और मित्रता की सबसे मजबूत कड़ी होती है विश्वास। उन्होंने कहा, 'मुझे आप पर बहुत विश्वास है और इसी विश्वास ने मुझे माय भारत के गठन की प्रेरणा दी। इसी विश्वास ने विकसित भारत युवा नेता संवाद का आधार बनाया। मेरा विश्वास कहता है कि युवा शक्ति का सामर्थ्य भारत को जल्द से जल्द विकसित राष्ट्र बनाएगा।'

प्रधानमंत्री ने कहा, 'जो आंकड़ों का जोड़ भाग करते रहते हैं, उनको लगता होगा कि यह सब बहुत मुश्किल है लेकिन मेरी आत्मा कहती है, आप सबके भरोसे से कहती है- लक्ष्य बड़ा जरूर है लेकिन असंभव नहीं है।' उन्होंने कहा, 'जब करोड़ों युवाओं की भुजाएं विकास रथ के पहिए को आगे बढ़ा रही हैं, तब हम जरूर लक्ष्य पर पहुंचेंगे।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'आज अगर स्वामी विवेकानंद सशरीर हमारे बीच होते तो 21वीं सदी के युवा की इस जागृत शक्ति को देखकर और आपके सक्रिय प्रयासों को देखकर वह भारत में एक नया विश्वास भर देते, एक नयी ऊर्जा भर देते और नए सपनों के बीज बो देते।'

दिल्ली को 'आप-दा' से मुक्त करने का समय आ गया हैः शाह

● नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को यहां झुग्गी बस्ती प्रधान सम्मेलन को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) पर तीखा प्रहार किया और कहा कि दिल्ली को 'आप-दा' से मुक्त कराने का समय आ गया है।

शाह ने कहा कि ये (आप) झूठ फैला रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार आएगी, तो सब योजना बंद हो जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी कह कर गए थे और मैं भी भरोसा देकर जा रहा हूं कोई भी दिल्ली की जनकल्याणकारी योजना बंद नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि आप पार्टी दिल्ली के लिए 'आप-दा' बन गई और अरविन्द केजरीवाल आप पार्टी के लिए आपदा बन गए हैं। उन्होंने कहा कि इस आपदा से पांच फरवरी को मुक्ति पानी है।

उन्होंने कहा कि झुग्गियों की गंदगी से, शराब की दुकान से, गंदे पानी से और झूठ बोलने वाली यहां की सरकार से मुक्ति दिलानी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में 10 साल से डिजास्टर (आपदा) की सरकार बनी हुई है और अब दिल्ली को 'आप-दा' से मुक्त करने का समय आ गया है। शाह ने कहा कि आप दिल्ली के मुक्तिदाता बन सकते हैं। मेरी बात गांठ बांध कर जाना कि

पांच फरवरी को दिल्ली का मुक्ति दिवस है। उन्होंने कहा कि आप पार्टी दिल्ली के लिए आपदा बन गई और केजरीवाल आप पार्टी के लिए आपदा बन गए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पानी का नल खोलो तो गंदा पानी, खिड़की से गंदी हवा, बाहर निकले तो टूटी सड़कें, आगे बढ़ो तो यमुना का गंदा पानी। ये आपदा वालों की सरकार ने यही तो काम किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव दिल्ली में हो रहा है, लेकिन पंजाब वाले यहां आकर कहते हैं कि इसको वोट मत देना वरना पछताओगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि भ्रष्टाचार में 'आप-दा' की ये सरकार नंबर वन बनी हुई है नौवीं और 11 वीं के बच्चे सबसे ज्यादा फेल हो रहे हैं। दिल्ली के 5.25 लाख बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं।

स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि एवं कोटि कोटि नमन

नई दिल्ली। भारतीय सभ्यता, संस्कृति व अध्यात्म को वैश्विक पटल पर स्थापित करने वाले महान विचारक, गुरु एवं करोड़ों युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि एवं कोटि कोटि नमन। अमरीका के शिकागो की धर्म संसद में वर्ष 1893 में दिए गए उनके ऐतिहासिक भाषण के कुछ अंश, जो आज के परिप्रेक्ष्य में बेहद प्रासंगिक है सांप्रदायिकताएं, कट्टरताएं और इसके भयानक वंशज हठधर्मिता लंबे समय से पृथ्वी को अपने शिकंजों में जकड़े हुए हैं।

इन्होंने पृथ्वी को हिंसा से भर दिया है। कितनी बार ही यह धरती खून से लाल हुई है। कितनी ही सभ्यताओं का विनाश हुआ है और न जाने कितने देश नष्ट हुए हैं। अगर ये भयानक राक्षस नहीं होते तो आज मानव समाज कहीं ज्यादा उन्नत होता, लेकिन अब उनका समय पूरा हो चुका है। मुझे पूरी उम्मीद है कि आज इस सम्मेलन का शंखनाद सभी हठधर्मिताओं, हर तरह के क्लेश, चाहे वे तलवार से हों या कलम से और सभी मनुष्यों के बीच की दुर्भावनाओं का विनाश करेगा। आज का दिन पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी जी ने राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। देश के युवा हमारा भविष्य और वर्तमान हैं। युवाशक्ति के अधिकारों के प्रति सजग रहना, उनके सपनों के प्रति प्रतिबद्धता हमारा संकल्प है। इसी संकल्प के साथ आज हम सभी युवाओं व देशवासियों को शुभकामनाएँ देते हैं और प्रण लेते हैं कि स्वामी विवेकानंद जी के उच्च विचारों और आदर्श जीवन मूल्यों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का प्रण लें।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में जन्मदिन के अवसर पर अपने पिता और झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) प्रमुख और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन से आशीर्वाद लिया और केक काटा।

'चुनावी घोटाला' कर रही भाजपा : संजय

कहा - केंद्रीय मंत्री और सांसद चुनाव आयोग की आंख में धूल झोंक रहे हैं

● नई दिल्ली, वार्ता

आम आदमी पार्टी (आप) ने आरोप लगाया कि केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के सांसदों व पूर्व सांसदों समेत अन्य फर्जी पते पर बड़े पैमाने पर फर्जी वोट बनवाकर 'चुनावी घोटाला' कर रहे हैं।

आप के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह ने शनिवार को कहा कि केंद्रीय मंत्री और सांसद चुनाव आयोग की आंख में धूल झोंक रहे हैं और उसकी प्रतिष्ठा के साथ खिलवाड़ कर चुनावी घोटाला कर रहे हैं। नयी दिल्ली विधानसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी प्रवेश वर्मा पूर्व सांसद हैं। इसके

बावजूद श्री प्रवेश वर्मा मई 2024 से लेकर आज तक पिछले आठ महीने से सांसद का बंगला कब्जा करके बैठे हुए हैं। प्रवेश वर्मा ने अपने सरकारी बंगले के पते पर 33 वोट बनवाने की एप्लीकेशन दी है। सिंह ने कहा कि केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने अपने सरकारी बंगले के पते पर 26 वोट, केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान ने अपने पते पर 26 वोट बनवाने के लिए आवेदन दी है। साथ ही, एक सांसद का पता मुखर्जी स्मृति न्याय है। इस पते पर 31 वोट बनवाने की अर्जी दी गई है। तेरह तीन मूर्ती लेन में उत्तर प्रदेश के हरदोई के रहने वाले भाजपा के सांसद जय प्रकाश के पते पर 25 वोट बनवाने के लिए आवेदन दी गई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान से भाजपा के सांसद सीपी जोशी 14 विडसर प्लेस में रहते हैं। इस पते पर इन्होंने 28 वोट बनवाने के लिए आवेदन दी है। इसी प्रकार 24 मीना बाग के पते पर रहे सांसद ने 23 वोट बनवाने के लिए आवेदन दी है। छह महादेव रोड पर रह रहे सांसद के पते पर 22 वोट, 513 नवरंग हाउस में एक ऑफिस है और यहां पर 23 वोट बनवाने के आवेदन दिए गए है। सिंह ने बताया कि 87 बेसमेंट जोरबाग लोधी रोड के पते पर 20 वोट बनवाने के लिए आवेदन दी गई।

'केजरीवाल की दिल्ली की सत्ता से विदाई तय'

कांग्रेस को दिल्ली में पुनः जीरो सीट पर फिर से समेटने का काम करेंगे: अठावले

● नई दिल्ली,

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने कहा है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी आम आदमी पार्टी (आप) को सत्ता से हटाने के लिए काम करेगी व कांग्रेस को दिल्ली में पुनः जीरो सीट पर फिर से समेटने का काम करेगी।

अठावले ने शनिवार को यहां दावा किया की दिल्ली में एतिहासिक बहुमत के साथ भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी दिल्ली की 15

विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी तथा शेष सीटों पर भाजपा के प्रत्याशियों का समर्थन करेगी। आरपीआई नेता ने दावा किया कि नित्य नए भ्रष्टाचार के कारनामों से दिल्ली की जनता को त्रस्त करने वाली 'आप' की सरकार को जनता इस विधानसभा चुनाव में उखाड़ फेंकेगी। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने का वादा करने वाली आप ने देश की राजधानी को विश्व स्तरीय शहर बनाने के स्थान पर इसे खोखला कर दिया है। अठावले ने दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि विश्वस्तरीय स्कूल बनाने का दावा करने वाले केजरीवाल ने दो लाख से अधिक बच्चों को शिक्षा से वंचित कर दिया है। शराब घोटाले से पूरे दिल्ली को बदनाम करने का काम आप संयोजक अरविन्द केजरीवाल ने किया है। अठावले ने कहा कि आरपीआई (अठावले), के प्रत्याशी विधानसभा चुनाव जीतने के बाद भाजपा सरकार बनाने के लिए समर्थन देंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में गत 10 वर्षों में देश विकास के पथ पर अग्रसर हो कर नए कीर्तिमान रच रहे है, वहीं दूसरी ओर अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार मुक्त दिल्ली देने का वादा करते हुए दिल्ली की सत्ता पर काबिज हुए, लेकिन खुद भ्रष्टाचार में डूब गए। उन्होंने कहा कि देश मे केजरीवाल की एकमात्र सरकार है जिसके मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री जेल जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आप की तीसरी बार सरकार बनाने के मंसूबों को उनकी पार्टी सफल नहीं होने देगी।



अहमदाबाद में अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव-2025 के उद्घाटन के दौरान गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल गणमान्य व्यक्तियों के साथ।

समाचार

इनर व्हील क्लब हसनपुर ने इनर व्हील डे को केक काटकर किया सेलिब्रेट

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

हसनपुर। नगर की सामाजिक संस्था इनर व्हील क्लब हसनपुर ने अपने वार्षिक इनर व्हील डे को केक काटकर सेलिब्रेट किया, बताते चलें कि क्लब की सभी सदस्यों ने इनर व्हील डे पर खूब मौज मस्ती की, इनर व्हील क्लब हसनपुर की सभी सदस्यों ने मिलकर हर साल की भांति इस साल भी 10 जनवरी को बहुत जोश और हर्षोल्लास के साथ इनर व्हील डे मनाया क इस अवसर पर सभी सदस्यों ने मिलकर केक काटा और खूब मौज मस्ती करते हुए विभिन्न गेम्स खेले और प्राइज जीते, इस मौके पर क्लब की अध्यक्षा पूनम अग्रवाल ने इनर व्हील डे के बारे में सबको विस्तार से बताया और आगे भी अपने क्लब की सभी सदस्यों से समाज की सेवा के लिए तत्पर रहने को कहा, उन्होंने बताया कि इनर व्हील संस्था का उद्देश्य सदैव ही गरीबों की सेवा और परोपकार की भावना का रहा है,इसी के तहत क्लब ने एक जरूरतमंद महिला को रजाई देकर उसकी सहायता की,इस अवसर पर क्लब अध्यक्षा पूनम अग्रवाल, सचिव आरती गुप्ता के साथ क्लब की सभी सदस्याए उपस्थित रही।

ईदगाह परिसर में रील बनाकर सोशल मीडिया पर की अपलोड, मुस्लिम समुदाय में आक्रोश

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

हसनपुर। रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुई एक युवक व युवती की वीडियो जो नगर के ईदगाह परिसर में बनाई गई थी को लेकर मुस्लिम समुदाय ने रोष व्यक्त करते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की, बात तो चले की रविवार को ईदगाह कमेटी के पदाधिकारी ने प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह से मुलाकात कर ईदगाह परिसर में युवक युवती द्वारा बनाई गई वीडियो को लेकर आपत्ति जताते हुए युवक युक्ति पर युवती पर कार्रवाई की मांग की है कमेटी के प्रतिनिधियों ने बताया कि बनाए गए रेल को इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया गया है जिसे समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हुई है मामले की गंभीरता को देखते हुए फिर भाई निरीक्षक ने जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है इस मौके पर हाजी वसीम चिश्ती, चमन अंसारी, हाजी फिरोज चिश्ती, नईम सलमानी, आसिफ, मोनिश अंसारी, जीशान कुरैशी, अलीमुद्दीन, हम्जा अली, शहजाद खान एवं शाहनवाज अंसारी आदि मौजूद रहे।

ट्रक की टक्कर से महिला की हुई दर्दनाक मौत।

लोकतंत्र की शान
संवाददाता मंजीत शर्मा
पीलीभीत जहानाबाद। पति-पत्नी जहानाबाद से पीलीभीत की ओर जा रहे थे तभी तेजी से आ रहा था ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। ट्रक के एक्सीडेंट से महिला की हुई दर्दनाक मौत। पति-पत्नी जहानाबाद से पीलीभीत की ओर आ रहे थे तभी तेजी से आ रहा है ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई और पति गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना पर थाना जहानाबाद पुलिस द्वारा मौके पर पहुँचकर मृतका के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से गिरकर युवक हुआ गम्भीर रूप से घायल।

लोकतंत्र की शान
संवाददाता मंजीत शर्मा
पीलीभीत पूरनपुर। संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से गिरकर युवक घायल। मैलानी से पीलीभीत के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेन 11:00 बजे जाती है इसी ट्रेन की है पूरी घटना, युवक ट्रेन में जा रहा था सेहरामऊ रेलवे स्टेशन के आगे जगतपुर रेलवे फाटक के पास संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से गिर गया जो गंभीर रूप से घायल हो गया तभी कुछ ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, ग्रामीणो ने 112 को कॉल किया, सूचना मिलने पर तत्काल 112 पहुंच गई,112 द्वारा नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र कुरेर्या ले जाया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद,हालत गंभीर होने पर पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र 108 एंबुलेंस की साहयता से पहुंचाया गया। पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। युवक का ट्रेन से गिरना और किन्नर के भेष में होना,एक बड़ा सवाल। हालांकि युवक की पहचान अभी नहीं हो पाई है। थाना अध्यक्ष संजय कुमार से जानकारी लेने पर बताया गया कि सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा तत्काल मोके पर पहुंच कर घायल को अस्पताल ले जाया गया, और ट्रेन से गिरने की पस्थिति एवं किन्नर के भेष में होना अन्य सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। जनपद के थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के जगतपुर रेलवे फाटक का है पूरा मामला।

बाघ ने गौवंशीय पशु को बनाया अपना निवाला, ग्रामीणों में दहशत।

लोकतंत्र की शान
संवाददाता मंजीत शर्मा
पीलीभीत। जंगल से निकलकर गांव के किनारे गन्ने के खेत में बाघ ने गौवंशीय पशु को बनाया अपना निवाला,ग्रामीणों में दहशत।पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगल से निकलकर जंगली जानवर आबादी की तरफ कर रहे रुक।पीलीभीत टाइगर रिजर्व की माला रेंज के जंगल से निकलकर बाघ ने गौवंशीय पशु को बनाया निवाला,बाघ के द्वारा गौवंशीय पशु को मारने की सूचना पर मौके पर पहुंचे सैकड़ो के तादाद में ग्रामीण। ग्रामीणों ने 112 पर दी सूचना,सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस, पुलिस के बाद सूचना पर पहुंची वन विभाग टीम बाघ की लोकेशन ट्रेस करने में जुटी वन विभाग की टीम। वहीं ग्रामीण में वन विभाग के प्रति आक्रोश देखने को मिल रहा है,बाघ की चहलकदमी से दहशत में हैं ग्रामीण। पीलीभीत की गजरौला थाना क्षेत्र के गांव घियोना का पूरा मामला।

समाजसेवी रोबिन त्यागी ने अनाथ परिवार की मदद को बढ़ाए हाथ

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

हसनपुर। रविवार को समाजसेवी रोविन त्यागी ने तहसील क्षेत्र के गांव अगापुर उर्फ याकुबपुर में अनाथ बहन भाइयों के घर पहुंच कर मदद के हाथ आगे बढ़ते हुए उनको विभिन्न सामग्री प्रदान की, बताते चलें कि कुंवर रोबिन त्यागी उनके घर पहुंचे उनके घर जाकर कर कुंवर रोबिन त्यागी ने देखा कि उनकी घर की हालत बहुत ही कमजोर है मासूम बच्चे अंश, वंश, अशिका की कहानी दर्द भरी है बीमारी के चलते पहले पिता सतपाल, मां बबली देवी, तथा लगभग डेढ़ महापूर्व दादा विक्रम सिंह की भी मृत्यु हो गई थी इसके बाद बच्चे पूरी तरीके से अनाथ हो गए थे, कुंवर रोबिन त्यागी ने बच्चों के लिए लिहाफ, गद्दे एवं खाद्यय सामग्री को अपने पास से मुहैया कराया, बता दें कि इन बच्चों के माता-पिता की काफी समय पहले मृत्यु हो गई थी बाद में बच्चों के दादाजी की मृत्यु हो गई जिसके बाद बच्चे अपनी दादी के साथ गुजर बसर कर रहे थे बच्चे पूरी तरह से अनाथ हो गए थे जिनके पास न रहने के लिए घर है ना ही शिक्षा ग्रहण करने के लिए खर्चा बहन करने की क्षमता है, इन बच्चों का दर्द सुनकर के कुंवर रोबिन त्यागी उनके गांव पहुंचे और उनकी हर संभव मदद की और भविष्य में भी मदद करने का आश्वासन दिया, और कहा कि जो भी शासन स्तर से जो भी मदद होगी उसे करायेगे एवं उन्होंने कहा कि जो भी मेरे से मदद होगी मैं हमेशा इस परिवार के साथ खड़ा रहूंगा, बताते चले कि कुंवर रोबिन त्यागी हमेशा समाज सेवा में बढ़-चढ़के हिस्सा लेते हैं गरीब बेसहारा लोगों की मदद के लिए हमेशा खड़े रहते हैं, कुंवर रोबिन त्यागी ने बताया कि मेरे जीवन का एक-एक पल हमेशा समाज सेवा के लिए समर्पित है, बताते चलें कि कुंवर रोबिन त्यागी गरीब बेसहारा लोगों की मदद करते रहते हैं, अपने क्षेत्र के लोगों की हर संभव मदद करने के लिए हमेशा तत्पर खड़े रहते हैं।

20 वर्षीय युवक का फांसी के फंदे पर लटका मिला शव

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

हसनपुर/ रहरा। रविवार को क्षेत्र में उसे समय अफरा तफरी मच गई जब एक युवक का शव कीकर के पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला, बताते चले कि रहरा थाना क्षेत्र में एक गांव के कीकर के जंगल में युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। शव मिलने की सूचना पर मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम को भेजा दिया, वही पुलिस मामलें की जांच पड़ताल कर रही है। बता दे कि रहरा थाना क्षेत्र के गांव लालापुर के जंगल में रविवार की सुबह कीकर के पेड़ पर जनपद संभल के रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव चाउपुर डुप्टा निवासी 20 वर्षीय कासिम पुत्र नसरुद्दीन का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला था मृतक सात भाईबहन मे छटे नम्बर का था मृतक दिल्ली में सीलिंग का कार्य करता था, परिजनों ने बताया कि 25 जनवरी को युवक की बहन की शादी है तथा युवक परिचितों को शादी के कार्ड बांटने के लिए निकला था, परिजनों ने सोचा कि वह कार्ड वाट कर दिल्ली को चला गया होगा लेकिन जाने किस कारण से युवक ने इतना घातक कदम उठाया, वहीं इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का असली कारण पता लग पाएगा तथा परिजनों की तहरीर पर अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

विला फाउंडेशन सर्दी में कंबल बाट कर एक सच्ची समाज सेवा कर रही है: कमाल अख्तर

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

हसनपुर। रविवार को समाजसेवी संगठन विला फाउंडेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में कंबल वितरण का कार्यक्रम किया गया । विला फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष चमन अहमद ने अपने विद्यालय चंदन कोटा में कंबल वितरण का कार्यक्रम रखा । जिसमे मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री व काठ विधायक कमाल अख्तर के द्वारा बेसहारा लोगों को 60 कम्बल वितरण किए गए । इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम निस्वार्थ भाव से गरीबो की मदद करने के लिए विला फाउंडेशन के अध्यक्ष चमन अहमद ने सच्ची समाज सेवा की है समाज के अन्य लोगों को भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए उन्होंने कहा कि इस भीषण ठंड में इस प्रकार से लोगों की मदद एक सराहनीय कार्य है तथा समय-समय पर गरीबों की मदद होनी चाहिए, उन्होंने चमन अहमद से कहा ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर होते रहने चाहिए, इस मौके पर सपा के विधानसभा अध्यक्ष कैसर परवेज, सपा अ ङ्ग सभा के प्रदेश सचिव अकील अहमद, सपा के वरिष्ठ नेता अफलातून चौधरी, अमित कुमार, चमन अहमद, रशीद अहमद, युनुस अहमद, मतीन अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।

अंबेडकर विकास मंच ने क्रिकेटर को फूल माला पहनकर की हौसला अफजाई

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

हसनपुर। रविवार को नगर हसनपुर के मोहल्ला मनापुर में अंबेडकर विकास मंच द्वारा नगर के युवा क्रिकेटर मौसीफ खान का अंडर-19 लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी गुजरात की तरफ से चयन होने पर स्वागत किया, इस अवसर पर अंबेडकर विकास मंच के अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य ने कहा कि नगर में ऐसी प्रतिभाओं से नगर का सम्मान बढ़ता है तथा देश का सम्मान बढ़ता है, उन्होंने कहा कि आज नगर का एक नौजवान हमारे नगर का नाम रोशन कर रहा है यह गर्व की बात है, बता दे की नगर का समाजसेवी संगठन अंबेडकर विकास मंच समय-समय पर नगर की प्रतिभाओं का सम्मान करता रहता है,तथा नौजवान खिलाड़ी एवं छात्रों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित करता रहता है, इसी क्रम में रविवार को क्रिकेटर मौसीफ खान को तथा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर तथा मौसीफ खान का फूल माला पहनकर स्वागत किया गया इस अवसर पर अंबेडकर विकास मंच द्वारा मौसीफ खान को संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा एवं शॉल भेंट सम्मानित किया गया, इस अवसर पर मुख्य रूप से मास्टर सोम सिंह, हरीश, देवेंद्र, सुशील भगत जी, बृज किशोर, सुरेश चंद गौतम, जगबीर सिंह मौर्य, मुखराम सिंह, मुशाहिद अल्वी आदि लोग मौजूद रहे।

ठगी पीड़ित जमा करता परिवार की बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर हुई चर्चा

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

हसनपुर। रविवार को ठगी पीड़ित जमा करता परिवार के राष्ट्रीय संयोजक मदनलाल आजाद के आवाहन पर ठगी पीड़ित जमा करता परिवार संगठन की मासिक बैठक अमरोहा जिले के हसनपुर नगर की नवीन मंडी परिसर में संपन्न हुई, बैठक में वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखें, बैठक में सरकार से मुख्य 3 मांगों को लेकर चर्चा की गई जिसमें सरकार द्वारा बनाए गए 2019 में बड्स एक्ट 2019 लागू कर कंपनी की समस्त सम्पत्ति नीलाम कर निवेशकों का भुगतान 180 कार्य दिवस में किया जाए, तथा कंपनी के संचालकों को नये अधिनियम धारा 111 के तहत कंपनी के संचालकों को मृत्यु दण्ड दिया जाए जिससे की गरीब निवेशकों के साथ ठगी नहीं हो पाए इस देश को ठग मुक्त भारत देश बनाया जा सके, वही कंपनीयों के बेकसूर ऐजेंट अभिकताओं के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की जाए उनकी सुरक्षा सम्मान व उनकी रोजगार की व्यवस्था सरकार द्वारा की जाए। उपरोक्त मांगों को लेकर आगे के आंदोलन की रूपरेखा तैयार किए जाने पर चर्चा की गई, बैठक में मुख्य रूप से राकेश चौहान संगठन के प्रदेश महासचिव, मनोज कुमार प्रदेश सचिव, डा मुन्ना, डा वीर सिंह,डा हनीफ, कुंवरपाल सिंह, प्रेम सिह, प्रथ्वी सिंह,डा अली हसन,मा सुरेश,डा लाखन सिंह, सुभाष सिंह आदि सहित दर्जनों ठगी पीड़ित जमा करता परिवार के लोग मौजूद रहे।

यूपी और भारत को जानने का अवसर है प्रयागराज महाकुंभ : सीएम योगी



गोरखपुर,12 जनवरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ देश और दुनिया के लोगों को उत्तर प्रदेश और भारत को जानने का महत्वपूर्ण अवसर है। इस भव्य और दिव्य आयोजन में भारत की आध्यात्मिक विरासत को संतों के माध्यम से जानने और देखने का अद्भुत अनुभव भी मिलेगा। इस बार प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन इसलिए भी विशिष्ट है कि इसका शुभ मुहूर्त 144 वर्षों के बाद आया है। महाकुंभ का आयोजन अद्भुत उत्साह के साथ हो रहा है। सीएम योगी रविवार अपराह्न गोरखपुर महोत्सव 2025 के औपचारिक समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 13 जनवरी से 26 फरवरी तक 45 दिन का भव्य आयोजन सोमवार से शुरू हो रहा है। 40 करोड़ आबादी महाकुंभ में आएगी। 40 करोड़ की आबादी दुनिया के अंदर भारत और चीन के अलावा किसी भी देश में नहीं है। मां गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी के संगम में स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। सीएम ने कहा कि पहली बार महाकुंभ को लेकर अक्षय वट कॉरिडोर, मां सरस्वती, बड़े हनुमान मंदिर, महर्षि व्यास और भगवान राम और निषादराज कॉरिडोर बन गया है। यहां नाग वासुकी और द्वादश ज्योतिर्लिंग और चार धाम की यात्रा का आनंद विप्रिका के माध्यम श्रद्धालु कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि महाकुंभ का आयोजन 10 हजार एकड़ क्षेत्रफल में हो रहा है। शुक्रवार की रात तक ही 35 लाख श्रद्धालु पहुंच गए थे। उन्होंने जनमानस से अपील की कि मकर संक्रांति पर बाबा गोरखनाथ में खिचड़ी चढ़ाइए और फिर सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को समझने के लिए महाकुंभ जरूर जाइए। उन्होंने कहा कि कि 29 जनवरी को 144 वर्ष बाद विशिष्ट संयोग बन रहा है, जब भगवान सूर्य मकर राशि में होंगे। बृहस्पति वृष राशि में होंगे। विशिष्ट मुहूर्त पर प्रयागराज में मौनी अमावस्या स्नान का शुभारंभ होगा।

अभाविप गौर नगर इकाई कार्यकताओं ने स्वामी विवेकानंद जी के 162वीं जयंती पर किया पुष्पांजलि

तौफीक खान संवाददाता
बस्ती। इस दौरान तहसील प्रमुख डॉ गजेंद्र उबारन गिरी जी ने कहा राष्ट्रीय युवा दिवस और स्वामी विवेकानंद जयंती पर पूरा देश विश्व को भारतीय संस्कृति की उत्कृष्टता का दर्शन कराने वाले इस महान संत को नमन कर रहा है। स्वामी विवेकानंद ने वेदांत और योग पर भारतीय दर्शन से पश्चिमी दुनिया का परिचय कराया। वे युवा शक्ति को राष्ट्रनिर्माण का आधार मानते थे। उनके विचारों ने युवाओं के चरित्रनिर्माण और उनमें राष्ट्रीयता का भाव जागृत करने में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान जिला संयोजक सौरभ शुक्ला जी ने कहा साथियों, आज युवा दिवस के मौके पर हम सभी न सिर्फ उन्हें याद कर श्रद्धांजिल दें, बल्कि हम उनके दिए ज्ञान, बातों, सीखों व चरित्र के एक छोटे से हिस्से को अपने जीवन में भी उतारें। 'उठो, जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य ना प्राप्त हो जाए'। जोश से भर देने वाली ये पंक्ति स्वामी विवेकानंद जी की ही हैं। स्वामी जी वो शख्सियत हैं जिससे आज सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि दुनिया भर के करोड़ों युवा जीवन जीने की सीख लेते हैं। उनके प्रेरणादायी व जोशीले विचार युवाओं में जोश फूंकने का काम करते हैं और आगे भी शताब्दियों तक करते रहेंगे। इस अवसर पर तहसील संयोजक अनूप सिंह, नगर उपाध्यक्ष डॉ राम प्रकाश वर्मा जी, सौरभ मिश्रा, विकास चौरसिया, बृजेश चौधरी, रंजीत निषाद, अनुपम उपाध्याय, अंकुश त्रिपाठी, राकेश यादव, अमित चौरसिया, लवकुश, बृजेश सिंह, अखिलेश चौसरिया, शिवम, शनि सहित आदि लोग मौजूद रहें।

स्वामी विवेकानंद जी के 162 वीं जन्म जयंती के अवसर पर पर अभाविप द्वारा प्रतिभाओं की मिला मंच एवम सम्मान

तौफीक खान संवाददाता
बस्ती। युवाओं को विवेकानन्द के चरित्र से प्रेरणा लेके अपने जीवन में चरितार्थ करने की आवश्यकता, निखिल अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बस्ती जिले के कार्यकताओं द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के 162 वे जन्म जयंती के उपलक्ष में राष्ट्रीय युवा दिवस पर सिटी मोंटेसरी स्कूल में संगोष्ठी,भाषण प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में गोरक्ष प्रांत के प्रांत सह मंत्री निखिल गुप्ता उपस्थित रहे। विवेकानंद जी के जीवन पर आयोजित संगोष्ठी में निखिल गुप्ता ने विद्यार्थियों को उद्बोधित करते हुए विवेकानंद जी के जीवन और उनके चरित्र की तमाम खूबियों का जिक्र किया उन्होंने कहा कि "विवेकानंद जी कहते थे कि उठो जागो और तब तक ना रुको जब तक सफलता प्राप्त न हो। स्वामी जी के ऐसे प्रेरणादायक कहानियों से हम युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए और उसे अपने जीवन में चरितार्थ करना चाहिए तभी जाकर आज की युवा पीढ़ी भारत को विश्व गुरु बनाने के अपने अभियान में सफलता प्राप्त कर सकती है। इसके अलावा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा वर्ष भर युवाओं के बीच में किए जाने वाले कार्यक्रमों का भी उन्होंने अपने उद्बोधन में जिक्र किया। इस कार्यक्रम में सीएमएस विद्यालय के प्रबंधक अनूप खरे भी उपस्थित रहे। अनूप खरे जी ने विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम का आभार ज्ञापित किया एवं उन्होंने अपने युवा दिनों में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता के रूप में अपने अनुभव साझा किया। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री सात्विक श्रीवास्तव, अमरेंद्र पांडेय, महेंद्र चौधरी, शुभेंदु कसौधन, अंकित शुक्ला एवम अन्य प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वैश्विक पटल पर सनातन संस्कृति को प्रतिष्ठित किया स्वामी विवेकानंद ने : मुख्यमंत्री

गोरखपुर, 12 जनवरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने उस कालखंड में जब देश गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था, वैश्विक पटल पर सनातन वैदिक संस्कृति को प्रभावी ढंग से प्रतिष्ठित किया। इस युवा सन्यासी ने अपने विचारों और आचरण की साम्यता से राष्ट्र के प्रति चेतना जागृत करने के बड़ी भूमिका निभाई है। गुलामी के कालखंड में सनातन वैदिक मूल्यों की चर्चा दुरूह होने के बावजूद स्वामी विवेकानंद ने गर्व से कहो हम हिंदू हैं का उद्घोष किया। सीएम योगी रविवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस नगर कॉलोनी में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद विद्यालय के पूर्व छात्रों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। विद्यालय के रज्जू भैया सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उनकी स्मृतियों को नमन करते हुए कहा कि महज 42 वर्ष की उम्र में नश्वर काया को छोड़ देने वाले स्वामी विवेकानंद ने सदैव भारत और भारतीयता की बात की। उनकी जयंती पर आज पूरा देश उन्हें भारत माता के महान सपूत और राष्ट्रीय-आध्यात्मिक गुरु के रूप में याद कर उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर रहा है।

मथुरा की जमुना पार पुलिस ने किया सहारनीय कार्य

मथुरा। जनपद थाना जमुना पार क्षेत्र में पुलिस की बड़ी कार्रवाई में सर्राफ की दुकान में घुसकर तमंचा दिखाकर लूट करने वाले अंतरराष्ट्रीय गैंग के 2 अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। जानकारी अनुसार पता चला कि थाना जमुनापार स्थित एक सर्राफ की दुकान में समय करीब शाम चार बदमाश 5:30 बजे तमंचा दिखाकर अंदर तिजोरी से करीब 12000 रू, पैन कार्ड और आधार कार्ड को लूट कर भागे थे। जिसमे अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। उसके बाद रात्रि में दीवाना कला फाटक के सामने बंद पड़े शिवा ढाबे के पास थाना जमुनापार की बड़ी कार्यवाही में मुठभेड़ मय लूट के मामले 7000 रु व घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार किया गया जिसमे दोनों अभियुक्त घायल हो गए, जिन्हें उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। गिरफ्तार हुए की पहचान पिंकल पुत्र संजीव कुमार निवासी रामगढ़ लखावटी थाना औरंगाबाद जनपद बुलंदशहर उम्र करीब 28 वर्ष, विशाल पुत्र महिपाल सिंह निवासी रामगढ़ लखावटी थाना औरंगाबाद जनपद बुलंदशहर उम्र करीब 24 वर्ष के रूप में हुई। गिरफ्तार हुए अभियुक्तों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जा रही और अभी तीसरा अभियुक्त मासूम वांछित है उसकी तलाश जारी है। इस मौके पर गिरफ़्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना जमुनापार प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल, उप निरीक्षक अरविंद सिंह हैड काउंस्टेबल राजकुमार, सरजेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

लोहड़ी और मकर संक्रांति परिवर्तन का पर्व है : स्वमी मुक्तानंद जी

गीता मंदिर में लोहड़ी से पहले हवन में तिल गुड़ की आहुति डाली

करनाल बीटू संधू

लोहड़ी और मकरसंक्रांति से पहले आज सैक्टर 13 में गीता मंदिर में हवन औश्र सत्संग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने हवन में आहुति डालीं। इस अवसर पर गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी मुक्तानंदजी महाराज तथा कुरुक्षेत्र में न्यायाधीश नीलिमा सांगला भी मौजूद थीं। इस अवरसर पर समाजसेवी तथा गीता मंदिर प्रंबध न्यास के प्रमुख कैलाश चंद्र गुप्ता मौजूद थे। इस अवसर पर श्री गीता का पाठ किया गया। इसके अलाचा विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ किया गया। इस अवसर पर स्वामी मुक्तानंद जी महाराज ने कहा कि इस बार की लोहड़ी और मकरसंक्रांति कई मायने में महत्वपूर्ण और एतिहासिक हैं। इस साल प्रयाग राज में महा कुंभका आगाज होना हैं। इसके अलावा श्री अयोध्या में भगवान राम के मंदिर ने एक साल पूर्ण किया हैं। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति परिवर्तन का पर्व हैं। इसी दिन भीष्म पितामह का महाप्रयाण हुआ था। उन्होंने कहा कि आज का दिन परिवर्तन का दिवस हैं। इसे संधिकाल भी कहा जाता हैं। उन्होंने सभी को आशीर्वाद भी दिया। इस अवसर पर सभी ने हवन में तिल, गुड़ मूंगफली और गजक की आहुति भी डाली। इस अवसर पर समाजसेवी कैलाश चंद्र गुप्ता ने कहा कि सभी को मिल कर पर्व मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय बदल रहा हैं। देश में राम राज आ गया हें। उन्होंने कहा कि इस बार अनूठा उत्साह लोगों में दिखाई दे रहा हैं। सभी ने इस पर्व की सभीको शुभकामना दी। इस अवसर पन मंदिर के पुजारी ने भी लोहड़ी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने यह पर्व बेटियों को समर्पीत है। आज के दिन बेटियां की सुरक्षा के लिए संकल्प लेना चाहिए।

वीरेश शांडिल्य ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर मंत्री अनिल विज को भगवान राम की प्रतिमा व दोशाला देकर सम्मानित किया

अंबाला : विश्व हिन्दू तख्त एवं एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के प्रमुख वीरेश शांडिल्य ने आज राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर भारत व विश्व में बैठे सनातनियों को बधाई दी। इस मौके पर वीरेश शांडिल्य हरियाणा के पौने तीन करोड़ जनता की आवाज व जनता के सुरक्षा कवच और संत सिपाही अनिल विज को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ की बधाई दी और अनिल विज को विश्व हिन्दु तख्त की तरफ से दोशाला व भगवान राम की धनुष बाण उठाए प्रतिमा भेंट की। इस मौके पर सुरेंद्र पाल केके, एडवोकेट वासु रंजन शांडिल्य, गोल्डी पाहवा, शिव रंजन व विश्व हिन्दू तख्त के पदाधिकारी मौजूद थे। वीरेश शांडिल्य ने अनिल विज के माध्यम से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो 140 करोड़ जनता के सुरक्षा कवच हैं और भारत व विश्व में बैठे सनातनियों का सम्मान करते हुए वर्षों से टेंट में बैठे भगवान राम लला को 11 जनवरी 2024 को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा करवाकर सनातन को मजबूत किया।

इस विशेष मौके पर शांडिल्य ने अनिल विज को दोशाला ओढ़ाकर और श्रीराम की भव्य प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर वीरेश शांडिल्य ने कहा कि अयोध्या में निर्मित दिव्य-भव्य राम मंदिर सदियों के त्याग, तपस्या और आस्था का प्रतीक है।

कोरिया की इंडस्ट्री हरियाणा में स्थापित करने बारे मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिला एक डेलिगेट्स

चंडीगढ़ के संत कबीर कुटीर में सीएम नायब सैनी के साथ भाजपा नेता राहुल सैनी व अन्य।

लाडवा : चंडीगढ़ के संत कबीर कुटीर में गत रात्रि लाडवा हल्के के भाजपा नेता राहुल सैनी खेड़ी की अध्यक्षता में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से कोरिया की इंडस्ट्री हरियाणा में स्थापित हेतू एक डेलिगेट्स मिला।

भाजपा नेता राहुल सैनी ने बताया कि डेलिगेट्स की सीएम नायब सैनी से सफल बातचीत हुई व सीएम सैनी ने हर संभव मदद के लिए आश्वसत किया। उन्होंने कहा कि ये इंडस्ट्री हरियाणा के मानेसर में लगने जा रही है। जिसमें चार हजार कर्मचारी काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इस कंपनी में काम करने वाले 80 फिसदी कर्मचारी हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत रखे जाएंगे। जिससे हरियाणा के युवाओं को रोजगार का सुनहरा अवसर मिलेगा। उन्होंने सीएम नायब सैनी का आभार जताया।

हंस फाउंडेशन ने खखनाल गांव में किया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

स्वास्थ्य शिविर में हिस्सा लेते स्थानीय निवासी।

पतलीकूहल : हंस फाउंडेशन की मोबाइल मैडिकल यूनिट 2 ने खखनाल गांव में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का उद्देश्य गांववासियों को उनके घर- द्वार पर ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था। शिविर में सामान्य ओपीडीके साथ-साथ ईएनटी और गायनी से संबंधित सेवाएं भी प्रदान की गईं। शिविर में पहुंचे गांववासियों ने स्वास्थ्य जांच करवाई और विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श लिया। जिसमें 80 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य जांचा गया और 200 से अधिक लैब टेस्ट किए गए। हंस फाउंडेशन ने इस शिविर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने और लोगों को मुफ्त और सुलभ चिकित्सा सविधाएं प्रदान करने के अपने प्रयासों को जारी रखा है।

अंतरआत्मा की आवाज सुनकर गर्भपात से बेटी के भ्रूण को बचाया था

22 साल पहले शुरू किया था पिता ने बेटी के नाम लोहड़ी का पर्व

›› जिन बेटियों का गर्भ में बचाया आज वह देश की पहचान बनी हैं

करनाल बीटू संधू

देसा मा देश हरियाणा जित दूध दही का खाना जैसे प्रदेश में सन -2000 में बेटियां आने से डरती थी। उस समय यहां पर मत आना इस देश में मेरी लाड़ो। उस समय कोई बेटी के लोहड़ी या बेटी के पैदा होने पर कुआं पूजन की सोच नहीं पाता था। पूरे देश में हरियाणा का नाम कन्या भ्रूण हत्या के लिए बदनाम था। ऐसे दौर में हरियाणा में बेटी के नाम लोहड़ी का सिलसिला शुरू करना एक हिम्मत का काम था। यमुनानगर के बिलासपुर जिले के अरनौली गांव में एक शिक्षक दम्पत्ति ने एक नई सोच विकसित करने की ठान ली। परिवार और समाज के दबाव के आगे झुके नहीं, बल्कि डंटकर सामना किया। पहली बेटी के बाद लगातार दूसरी बेटी परिवार वाली और समाज के लोगों का कन्या भ्रूण हत्या का था। इस साजिश में एक नामचिन डाक्टर की पत्नी भी शामिल थी। लेकिन इस शिक्षक दम्पत्ति मिहिर बेनजी और गगन बेनर्जी ने अपनी अंतरआत्मा का सुनी और दूसरी बेटी को दुनिया में लाने की ठान लो। यह बात 2003 की है और वह इस बेटी को दुनिया में भी लाएं और उन्होंने यह ठान ली कि हम इस बेटी की लोहड़ी मनाएंगे। बिलासपुर के अनोर्ली गांव में 13 जनवरी, 2004 को देश में पहली बार इतिहास रचा गया। जब सोही बेटी के नाम मनाई गई। इस आयोजन में बिलासपुर के 500 से अधिक लोग शामिल हुए। मौजूदा शिक्षा मंत्री कवरपाल ने भी इस कार्यक्रम को सराहा था। आज इस शुरूआत के बाद जिस बेटी के नाम पर ही मनाई गई। यह अब 18 साल की हो गई और इन 18 सालों के दौरान इस बेटी ने अपने नाम अनन्या को सार्थक करते हुए अपने बचपन को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के नाम को समर्पित किया। उनकी पहली बेटी संजोली बनर्जी ने भी अपने पिता की राह पर चलते हुए अपना मुकाम बनाया।

विधायक योगेंद्र राणा ने गांव बंबरेहड़ी, पाढ़ा, और जुंडला में किया इनडोर जिम का उद्घाटन।

असंध/ करनाल सुखविंदर सोही

असंध विधानसभा से विधायक योगेंद्र राणा ने रविवार को अपने असंध विधानसभा क्षेत्र के गांव बंबरेहड़ी, पाढ़ा, और जुंडला में इनडोर जिम का उद्घाटन कर ग्रामवासियों को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एक अच्छे जीवन के लिए अच्छा स्वास्थ्य अत्यंत आवश्यक है। ग्रामीण स्तर पर इनडोर जिम होने से ग्रामवासियों को इनका बहुत लाभ मिलेगा और अब उनको जिम के लिए दूर दराज नहीं जाना पड़ेगा। इस दौरान सभी ग्राम वासियों द्वारा विधायक का धन्यवाद किया गया। इसके अतिरिक्त उन्होंने गांव जानी में विधानसभा चुनाव में दिए गए अपार समर्थन के लिए धन्यवाद भी किया। इस दौरान उन्होंने गांवों के सरपंच द्वारा प्रस्तावित गांव के विकास कार्यों को स्वीकार कर उन्हें जल्द करवाने का आश्वासन भी दिया। इस दौरान उन्होंने आमजन की समस्याएं भी सुनी। इसके अतिरिक्त विधायक ने कहा कि असंध की जनता मेरा परिवार है। यहां की हर समस्या से भली-भांति परिचित हूं जिनका डबल इंजन की सरकार तेज रफ्तार से समाधान करेगी। उन्होंने कहा कि अब असंध हल्के में विकास कार्यों को जल्द पूरा करवाया जाएगा। असंध शहर के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

विधायक योगेंद्र राणा ने जुण्डला में जगतगुरू स्वामी ब्रह्मानंद आश्रम के नवीनीकरण कार्यों का किया उद्घाटन ।

असंध विधायक योगेंद्र राणा ने रविवार को जुण्ड?ला में जगतगुरु स्वामी ब्रह्मानंद आश्रम के नवीनीकरण कार्यों का उद्घाटन किया । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गुरु ब्रह्मानंद जी के ज्ञान एवं शिक्षा से आज हम सभी को लाभ हो रहा है। उनके पवित्र विचारों से हम अपने जीवन में भी शुद्धता ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज हम गुरु ब्रह्मानंद जी की शिक्षाओं को अपने जीव?

7 दिवसीय एनएसएस कैंप में बच्चों को मेंटल हेल्थ एंड पीस अवेयरनेस के बारे किया जागरूक

कैंप के दौरान लगाए गए मेंटल हेल्थ एंड पीस अवेयरनेस जागरूकता सेशन के दौरान बच्चों के साथ खड़े संस्था के सदस्य।

अंबाला शहर, जनवरी : अंबाला क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समलेहडी में चल रहे 7 दिवसीय एनएसएस कैंप के तीसरे दिन की शुरूआत प्राणायाम तथा लक्ष्य गीत से की तत्पश्चात पीस फाउंडेशन संस्था की ओर से बच्चों के लिए मेंटल हेल्थ एंड पीस अवेयरनेस का एक जागरूकता संबंधित सेशन रखा गया। जिसके अंतर्गत संस्था के संस्थापक प्रेम रावत का वीडियो रिकॉर्ड मैसेज बच्चों को दिखाया गया। इस दौरान उन्होंने शांति का संदेश देते हुए बताया कि आज संसार में हर मनुष्य के अंदर शांति का होना बहुत जरूरी है, बाहर की शांति से अच्छा अंतःकरण की शांति है तभी इंसान अपने गुस्से पर काबू कर अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। इस मौके पर स्कूल के कार्यक्रम अधिकारी संजीव गौतम ने संस्था से आए अनिल कुमार, जयपाल और गुलजार सिंह आदि का अभिनंदन किया, वहीं उन्होंने बच्चों को बताया कि सबसे जरूरी यह है कि हम एक अच्छा इंसान बने, जिसे देखकर लोग मानवता में विश्वास कर सकें, एक अच्छे समाज का निर्माण कर सकें और अपने जीवन का लक्ष्य प्राप्त कर सके।

केजरीवाल न अच्छा शिष्य, न अच्छा पिता और न ही अच्छा मुख्यमंत्री बन पाए : असीम गोयल

आज दिल्ली स्वच्छ पानी पीने को तरस रही है : गोयल

पूर्व परिवहन मंत्री असीम गोयल

असीम गोयल ने रामभक्तों को दी बधाई

वहीं आज ही के दिन अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ को लेकर असीम गोयल ने कहा कि यह दिन प्रत्येक भारतीय, प्रत्येक सनातनी, प्रत्येक हिन्दू के लिए एक अलग अनुभूति है और एक दीपावली है जैसे हम दीपावली को अक्टूबर नवंबर में मनाते हैं वैसे। उन्होंने इस मौके पर प्रत्येक भारतवासी और राम भक्तों को इसकी शुभकामनाएं दी।

अंबाला शहर, जनवरी : दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे अरविन्द केजरीवाल ने करीब 10 महीने पहले भगवान श्री राम के अस्तित्व पर सवाल खड़े किये थे। ऐसे में दिल्ली चुनाव में भी अब भगवान राम के नाम का पूरा जोर और शोर है। वहीं अपने पुराने बयान को लेकर केजरीवाल इस चुनाव में भाजपा नेताओं के निशाने पर आ गए हैं। हरियाणा के पूर्व परिवहन मंत्री असीम गोयल ने अरविन्द केजरीवाल को लेकर बड़ा ब्यान दिया है। असीम गोयल ने केजरीवाल पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जो कभी कहते थे कि आज मेरी नानी बहुत दुःखी होगी यानी उनकी नानी दुखी हुई थी जब राम जी के मंदिर की घोषणा हुई थी और आज वही केजरीवाल ये कह रहे है कि राम जी तो सबके हैं केवल बीजेपी के नहीं। असीम गोयल ने कहा कि ना ही केजरीवाल और ना ही कांग्रेस इस बार इनकी काठ की हांडी दिल्ली में नहीं चढ़ेगी क्योंकि लोग समझदार हैं।

स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती के उपलक्ष्य में लेखन प्रतियोगिता

अपने अपने लेखों के साथ छात्राएं।

अंबाला शहर : स्वामी विवेकानंद की 162 वीं जयंती के उपलक्ष्य में देव समाज कॉलेज फॉर गर्ल्स अंबाला शहर मे यूथ वेलफेयर सोसाइटी नीतिका बजाज की देख रेख में एक प्रेरणादायक उद्धरण लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य स्वामी विवेकानंद के विचारों और दर्शन को सम्मान देना और छात्राओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित करना इसमें बी.ए एवं बी.कॉम की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों और सिद्धांतों से प्रेरित होकर, जैसे आत्म-सशक्तिकरण, सेवा और युवा शक्ति पर आधारित मौलिक उद्धरण लिखे। कॉलेज की प्राचार्या मुक्ता अरोड़ा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इस प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा, खुशबू - प्रथम,सिमरत- द्वितीय, प्रतीक्षा एवं गुरजीत-तृतीय देव समाज कॉलेज शिक्षा और मूल्यों पर आधारित गतिविधियों के माध्यम से बौद्धिक विकास को बढ़ावा देने की अपनी परंपरा को जारी रखे हुए है।

युवा दिवस पर मुख्यमंत्री ने युवाओं को इनडोर जिम के रूप में दी बेहतरीन सौगात: विधायक जगमोहन आनंद

डबरी गांव में इनडोर जिम का उद्घाटन करने पहुंचे करनाल के विधायक जगमोहन आनंद

करनाल सुखविंदर सोही

करनाल। के विधायक जगमोहन आनंद ने रविवार को विधानसभा के डबरी गांव में इनडोर जिम का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने युवा दिवस के मौके पर युवाओं को इनडोर जिम के रूप में एक बेहतरीन सौगात दी है। ऐसे में युवा समय का सदुपयोग करें और जिम के माध्यम से शरीर को स्वस्थ रखने का कार्य करें। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के मौके पर राज्य स्तरीय युवा दिवस समारोह से ऑनलाइन प्रदेशभर की इनडोर जिम का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि करनाल

जिला में कुल 23 जिम का उद्घाटन फिलहाल हुआ है, बाकि का उद्घाटन भी जल्द किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह इनडोर जिम खोलकर सरकार ने युवा पीढ़ी को संदेश दिया है कि वे नशे जैसी बुरी आदत की गिरफ्त में न आए और स्वयं के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के कार्यकाल में लिखी जा रही विकास की गाथा। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के कार्यकाल में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। करनाल जिला में निरंतर विकास के नए-नए प्रोजेक्ट शुरू हो रहे हैं। आज डबरी में इनडोर जिम की सौगात मिली है। कुछ दिनों पहले केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल 59 करोड़ की लागत से तैयार इनडोर स्पोर्टस कॉम्पलेक्स, क्रिकेट ग्राउंड और महिला आश्रम का उद्घाटन करके गए थे। भविष्य में भी इसी तरह निरंतर विकास परियोजनाओं की सौगात मिलती रहेगी। विधायक ने की चाय पर चर्चा विधायक जगमोहन आनंद ?

आने वाले बरसाती व सर्दी के मौसम में करें पशुओं के लिए उचित प्रबंध : गर्ग

गौ सेवा आयोग के चेयरमेन श्रवण कुमार गर्ग ने किया गोशालओं का निरीक्षण

गौ शाला में निरीक्षण करते चेयरमेन श्रवण कुमार गर्ग व अन्य

अंबाला शहर, जनवरी : हरियाणा गौ सेवा आयोग के चेयरमेन श्रवण कुमार गर्ग ने अम्बाला शहर की गोशालओं का औचक निरीक्षण कर वहां के हालातों का जायजा लिया और जांचा की पशुओं के लिए गौशाला प्रबंधकों की और से आने वाले ठण्ड के मौसम के लिए क्या प्रबंध किये गए है। गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा गौशालाओं के संचालन के लिए 216 करोड़ 25 लाख रूपए की राशि जारी की गई हैं। इसके साथ-साथ गौशालाओं के बिजली बिल से संबंधित 2 रुपए यूनिट व गौशाला की जमीन से सम्बधिंत जो रजिस्ट्री होती है वह भी निशुल्क होती हैं। किसी भी प्रकार का संपत्ति कर व सीएलयू लेने की जरूरत नहीं है। चेयरमेन श्रवण कुमार गर्ग शुक्रवार को गउशालाओं का औचक निरीक्षण कर रहे थे। इस मौके पर हरियाणा गौसेवा आयोग के अधिकारी डॉ मंजीत कटारिया, डॉ.अभिषेक ,वी.एल. डी. ए विक्रम , पीओएस आकाश एवं केवल कृष्ण मिगलानी गउशाला के पदाधिकारी राजकुमार अग्रवाल, विनोद कुमार, गउसेवा आयोग से मोनू चावला, सोनू सेठी, हर्ष, राजेश, रिम्पी नंन्दा, कन्नू शर्मा, कपिल चावला के साथ-साथ अन्य मौजूद रहें।

औचक निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य मैनेजमेंट की कार्यप्रणाली को जांचना है : गर्ग

गर्ग ने औचक निरीक्षण करते हुए शहर स्पाटू रोड पर गौसेवा ट्रस्ट गौशाला व केवल कृष्ण मिगलानी गौशाला का निरीक्षण कर यहां पर गौवंश के लिए जो व्यवस्थाएं की गई है उसको जांचा। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गौशालाओं के संचालन के लिए निरन्तरता में कार्य किए जा रहें है, इसके साथ-साथ समाज के लोग भी अपना सहयोग करके इसमें अपना योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि निरीक्षण करने का मुख्य उद्देश्य यहीं है कि गउशालाओं की मैनेजमैंट गोवंश की व्यवस्थाओं को ठीक ढंग से क्रियान्वित कर रही है या नहीं उसको जांचना है और यदि कहीं पर कोई कमी है तो मौके पर ही उन्हें इसके बारे आवश्यक दिशा-निर्देश देना हैं। उन्होंने कहा कि आज यहां पर दो गौशालाओं का निरीक्षण किया गया हैं। जिसमें 500-500 गौवंश है। यहां पर दोनों जगहों पर व्यवस्थाएं ठीक मिली हैं, छोटी मोटी जो कमी है उसे दुरूस्त करने बारे आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं।

चेयरमेन श्रवण कुमार गर्ग ने इस मौके पर यह भी बताया कि जिला अंबाला में 13 गौशालाओं में लगभग 5993 गौवंश हैं। सर्दी के मौसम व बरसात के मौसम में गौशालाओं की व्यवस्था विशेष रूप से करनी होती है। साथ ही साथ सफाई उपरान्त गौनाईल का स्प्रै करने बारे भी कहा है ताकि गौशालाएं कीटाणु रहित हो। अंबाला जिले की बात करें तो यहां पर पिछले कुछ समय में जिन गौवंश की मृत्यु हुई है वह प्राकृतिक मृत्यु हैं। उन्होंने यह भी बताया कि गौशालाओं में जो गौवंश होता है उसमें बुजुर्ग गौवंश भी शामिल होता है।

बिलासपुर में चल रही गैर कानूनी गतिविधियों से जान को खतरा : बंबर ठाकुर

पत्रकारों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ।

बिलासपुर : कांग्रेस पार्टी के प्रमुख नेता एवं पूर्व विधायक व पूर्व राज्य महासचिव बंबर ठाकुर ने भाजपा के एक प्रमुख नेता का स्पष्ट नाम लेते हुए कहा है कि यदि भविष्य में उन्हें या उनके परिवार को किसी भी प्रकार की कोई शारीरिक हानि पहुँचती है तो उसके लिए यही भाजपा नेता उत्तरदाई होंगे। स्थानीय परिधि गृह में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बंबर ठाकुर ने कहा कि वे पिछले कितने ही समय से अपने ऊपर हुए जानलेवा हमलों बारे राज्य सरकार , जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को आग्रह कर चुके हैं कि उन सभी मामलों में जांच को अधूरा न छोड़ा जाये। बंबर ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुकखू व डायरेक्टर जनरल पुलिस सहित सभी संबन्धित उच्चाधिकारियों से आग्रह किया है कि वे किसी भी सूरत में इस मामले को अधूरा न छोड़ें और जांच करके सही पता लगाए कि युवाओं के भविष्य अथवा जीवन को बर्बाद करने के इस कृत्य को कौन करवा रहा है ताकि न केवल उनका जीवन सुरक्षित रहे बल्कि अन्य युवा भी चिट्ठा की भयानक बीमारी से सुरक्षित रह सके। बंबर ठाकुर ने कहा कि 14 जनवरी को इस संदर्भ में वे एक ज्ञापन राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केन्द्रीय गृहमंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल, सर्वोच्च न्यायालय के मान्य चीफ जस्टिस और हिमाचल हाईकोर्ट के मान्य चीफ जस्टिस को जिलाधीश बिलासपुर के माध्यम से प्रेषित करेंगे ताकि बिलासपुर में शांति व्यवस्था को खराब करने वालों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित हो सके।

थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करें- जिलाधिकारी

डीएम व एसपी ने कोंच व रेढ़र थाने में सुनी शिकायतें

■ उरई

जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ0 दुर्गेश कुमार ने संयुक्त रूप से थाना कोंच व थाना रेड़र में आयोजित थाना समाधान दिवस के मौके पर जन शिकायतो को गंभीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतो पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करने के निर्देश दिए, साथ ही शिकायतो एवं निस्तारण को पंजिकाओं में दर्ज करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने पूर्व में निस्तारित की गई शिकायतो एवं आईजीआरएस पंजिका का भी अवलोकन किया।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि आम जनता को उनके घर के नजदीक ही न्याय मिले और उन्हें बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर शिकायत पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास का रिश्ता मजबूत होना चाहिए। थाना दिवस का उद्देश्य भी यही है कि जनता और पुलिस के बीच संवाद को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि थाना दिवस में प्राप्त शिकायतो को गुणवत्तापूर्ण निस्तारित किया जाए, प्राप्त शिकायतो का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि फरियादियो को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाए।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कौंच ज्योति सिंह, माधौगढ़ मनोज कुमार, सीओ कोंच देवेंद्र सिंह, माधौगढ़ राम सिंह आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

समाधान दिवस में हाइवे में वाहन दुर्घटनाओं का मामला उठा

कालपी -उरई । शनिवार को सीओ अवधेश कुमार सिंह की मौजूदगी में एसडीएम सुशील कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस कालपी में फरियादियों के द्वारा 4 प्रकरण प्रस्तुत किए गए। जिसमें 2 मामलों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

कोतवाली कालपी के सभागार में राजस्व तथा पुलिस अधिकारियों कीमौजूदगी में सुबह 10 बजे से शुरू हुए थाना समाधान दिवस में कालपी के निवासियों दीपक शर्मा,नीलाभ शुक्ला आदि ने प्रार्थना पत्र देते हुए अवगत कराया कि कानपुर - झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग में यमुना पुल के पास अनाधिकृत रूप से भारी वाहनों के खड़े होने से दुर्घटनाओं में भारी वृद्धि हो रही है। 9 जनवरी को वाहन दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो चुकी है। मामले को गम्भीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों से समाधान करने के निर्देश दिये।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक ने बताया कि 4 मामले प्रस्तुत किए गए थे, जिनमें 2 प्रकरणों का मौके पर निस्तारित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अन्य मामलों को निपटने के लिए राजस्व तथा पुलिस विभाग की टीम को शिकायतों को निपटने के लिए मौके पर भेजा गया है। इस मौके पर वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, नगर पालिका के सफाई प्रभारी शिशुपाल सिंह यादव पप्पी,प्रमोद दुबे , जितेंद्र कुमार सिंह, राहुल कुमार, अभिषेक यादव,, रवि कुमार, संजय प्रमोद कुमार, विजय आनंद, रश्मि गौतम, राजस्व कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

क्रिकेट महासंग्राम-2 में आज कानपुर-राठ के बीच होगा उद्घाटन मैच

■ कालपी-उरई

रजा स्पोर्टिंग क्लब कालपी के तत्वाधान में आज 12 जनवरी से मरहूम सज्जाद कादिरी तथा मरहूम हलीम खान कादिरी की स्मृति में क्रिकेट का सीजन -2 महासंग्राम का आयोजन कालपी में किया जायेगा। उदघाटन मैच रविवार को स्टार क्रिकेट क्लब कानपुर तथा ए एन सी ए राठ की टीमों के बीच खेला जायेगा। मैच का उदघाटन क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी द्वारा किया जायेगा। उदघाटन समारोह में गणमान्य नागरिकों की भी सहभागिता होगी।

टूर्नामेंट के संयोजक तसलीम खान ने बताया कि कालपी के ईदगाह कर्बला मैदान लंगरपुर में 12 से 19 जनवरी तक आयोजित होने वाले क्रिकेट महासंग्राम में 8 टीमे हिस्सा लेंगी। जिसमें सुपर स्टार झांसी, सहारा क्लब लखनऊ, स्टार स्टेडियम ललितपुर आदि के अलावा 8 से अधिक विख्यात टीमें हिस्सा ले रहीं हैं। क्रिकेट महासंग्राम में विख्यात टीमो के खिलाड़ी अपनी-अपनी प्रतिभा दिखायेंगे। उन्होंने बताया कि फाइनल मैच में जीतने वाले विजेता टीम को 51 हजार रुपए तथा उप विजेता टीम को 25 हजार रूपए पुरस्कार स्वरूप धनराशि प्रदान की जायेगी। सभी मैच लेदर बॉल के द्वारा खेले जाएंगे।

सहयोगी व्यापारिक संस्था कालपी - मुंबई रोडवेज के सौजन्य से होने वाले टूर्नामेंट में संस्था के द्वारा मैदान तथा पिच को बेहतरीन तरीके से तैयार किया गया है। तस्लीम ख़ान ने बताया कि कालपी जैसे कस्बे में खेल प्रतिभाओ की कमी नहीं है। बल्कि उसे निखारने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि खेल प्रतिभाओं को निखार कर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिये पूरे प्रयास किया जायेगा। आयोजकों के मुताबिक क्रिकेट महासंग्राम के अवसर पर बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों तथा प्रतिभाओ को सम्मानित किया जायेगा।

अज्ञात कारणों के चलते वृद्ध की मौत

■ जालौन-उरई

अज्ञात कारणों के चलते वृद्ध की मौत हो गयी। ठंड लगने के कारण वृद्ध की मौत की सूचना मिलने पर एसडीएम के निर्देश पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराने का प्रयास किया। लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया जिससे मौत का कारण पता नहीं चल सका।

नगर के मोहल्ला जोशीयाना निवासी लखनलाल बाथम (68) की शुक्रवार की रात को अज्ञात कारणों के चलते मौत हो गयी। वृद्ध की मौत पर चर्चा होने लगी कि वृद्ध की मौत ठंड लगने के कारण हुई है। ठंड लगने के कारण वृद्ध की मौत की सूचना मिलने पर उपजिलाधिकारी विनय मोर्य ने मौके पर लेखपाल वैभव त्रिपाठी को भेजा और घटना की सूचना पुलिस को दी। चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंच कर जानकारी की और मौत का कारण जानने के लिए परिजनों को शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए कहा लेकिन परिजनों ने मना कर दिया। जांच के दौरान पता चला कि लखनलाल की विगत कई दिनों से तबियत खराब चल रही थी। उनके परिवारजन शुक्रवार को उनको दिखाने राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई ले गए थे। परीक्षण कराकर वापिस लौटने पर रात में लखनलाल की तबियत अचानक से बिगड़ जाने के कारण रात में ही उनकी मृत्यु हो गई थी।

संक्षिप्त समाचार

आमने-सामने आ रही बाइक भिड़ी, एक की मौत

जालौन-उरई। उल्टी दिशा में आ रहे बाइक चालक ने दूसरी बाइक में टक्कर मार दी थी। टक्कर लगने से बाइक चालक की मौत हो गई थी। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बाइक व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकोड़ी दुबे निवासी वैभव पाल उर्फ चंकी का ट्रैक्टर औरैया मार्ग पर निर्माणाधीन पुल पर काम के लिए लगा था। बीती 11 दिसंबर को उनके ट्रैक्टर में खराबी आ गई थी। वह जालौन से मरम्मत का सामान लेकर वहां गए थे और देर शाम करीब सात बजे वह सामान देकर बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे। जब वह बाइक से प्रतापपुरा मोड़ के पास पहुंचे तभी उल्टी दिशा से आ रहे बाइक सवार से बेकाबू होकर उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वैभव सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। अस्पताल ले जाते समय उनकी मृत्यु हो गई थी। इस मामले में मृतक वैभव के भाई भूपेंद्र सिंह निवासी अकोड़ी दुबे ने आरोपी बाइक व उसके चालक के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बाइक व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

जिंदा व्यक्ति को मरा दिखाकर समाज कल्याण ने की पेंशन बंद

कोंच। एक अजीब गरीब मामला उस समय देखने को मिला जब एक वृद्ध ने डीएम से शिकायत की कि उसके जिंदा रहते मरा दिखाकर समाज कल्याण विभाग ने उसकी पेंशन बंद कर दी। उसे दिसंबर 2023 से पेंशन नहीं मिली है। डीएम ने संबंधितों को तत्काल कागजी कमी दूर करते हुए वृद्ध को जिंदा करने के कड़े निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र के ग्राम बस्ती के रहने वाले अवध बिहारी पुत्र दुर्गा प्रसाद को समाज कल्याण विभाग से वृद्धा पेंशन योजना का लाभ मिलता था। समाज कल्याण विभाग के अभिलेखों में उसे दिसंबर 2023 में मरा दिखाते हुए उसकी पेंशन बंद कर दी गई। अपने को जिंदा बताने के लाख उपायों के बाद भी विभाग ने उसकी एक नहीं सुनी। आईजीआरएस पोर्टल पर भी उसने अपनी शिकायत दर्ज कराई लेकिन नतीजा जस का तस रहा। शनिवार को कोतवाली पहुंचे जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे को जब उसने शिकायत देते हुए अपनी व्यथा बताई तो डीएम ने संबंधितों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जरूरी पड़ताल कर इसे तत्काल जिंदा करें। डीएम ने पत्रकारों से कहा, इस पूरे मामले की जांच कराई जाएगी और अगर कोई दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।

शिकायतों के बाद भी अवैध स्टैंड पर नहीं लग पा रही है रोक

जालौन-उरई। परिवहन विभाग के नियमों को ताक पर रखकर और सरकार के निर्देशों के बाद भी अवैध टेक्सी स्टैंड पर रोक नहीं लग पा रही है। शिकायतों के बाद भी अवैध स्टैंड पर रोक नहीं लग पा रही है। नगर के प्रवेश द्वार देवनगर चौराहे से उरई, औरैया, कोंच, बंगरा आदि के लिए ऑटो उपलब्ध रहते हैं। इसके अलावा सवारी को जिस गांव या कस्बे में जाना हो वहां की भी बुकिंग हो जाती है। अवैध रूप से चल आटो के कारण एक ओर जहां प्राइवेट बस संचालकों को नुकसान हो रहा है तो वहीं दूसरी ओर परिवहन निगम की बसों को भी नुकसान हो रहा है। परिवहन विभाग के नियमों को ताक पर रखकर और प्रदेश सरकार के निर्देश के बाद भी नगर में धड़ल्ले से अवैध ऑटो स्टैंड चल रहा है। नगर के वसीम, राहुल, प्रमोद आदि ने नगर में चल रहे अवैध स्टैंड व अवैध रूप से सवारी बैठाकर चल रहे आटो की शिकायत मुख्यमंत्री को भेजकर मामले की जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है। जिससे बस संचालकों व सरकार को हो रहे राजस्व के नुकसान को रोका जा सके।

गल्ला मंडी में भाकियू की बैठक सम्पन्न

कोंच। गल्ला मंडी में भारतीय किसान यूनियन की एक बैठक महेंद्र सिंह की अध्यक्षता और राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह जादौन की उपस्थिति में की गयी। बैठक में पहुंची उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह को किसानो ने ज्ञापन देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की गयी ज्ञापन में कहा गया कि कोंच-पचीपुरा कलां के बीच सड़क पर पुलिया टूटी हुई पड़ी है जिससे कभी भी दुर्घटना घटित हो सकती है इसलिए नए सिरे से पुलिया बनाई जाये। इसके अलावा सहकारी समितियों पर खाद उपलब्ध कराने, अनावश्यक रूप से नैनो रसायन देने पर रोक लगाने, ग्राम फुलैला-देवगाँव के बीच ट्रांसफार्मर खेत के बजाए ग्राम सभा की जमीन पर रखे जाने, पनयारा सहित खेरा मंदिर में नीचे झूल रही बिजली लाइन दुरुस्त कराने, ग्राम सिमिरिया से अकोढ़ी के बीच 4 किमी सड़क का डामरीकरण कराये जाने, नून नदी के पुल का निर्माण कराने, ग्राम शिवनी बुजुर्ग और बरहा गाँव की बिजली सप्लाई नदीगाँव फीडर से हटाकर पूर्व की तरह कोंच फीडर से संचालित किए जाने, ग्राम तीतरा में पक्की नाली निर्माण, ग्राम देवगाँव से खैरी के बीच सिल्ट की खुदाई कराने की मांग की गयी। राष्ट्रीय महासचिव ने किसानों से कहा कि 14 जनवरी से लेकर 18 जनवरी तक प्रयागराज में कुम्भ स्थल पर संगठन का चिंतन शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसमें शामिल होने के लिए जिले के सभी किसान 15 जनवरी को उरई रेलवे-स्टेशन पर दोपहर 1 बजे एकत्रित रहें। पंचायत में तमाम किसान मौजूद रहे।

ससुराल आकर बाइक को आग लगाकर जलाने के मामले में पुलिस ने किया मामला दर्ज

■ कोंच

पत्नी से नाराज होकर पति ने अपने साथी के साथ अपनी ससुराल आकर घर के बाहर खड़ी ससुर की बाइक में आग लगा दी थी और सास ससुर के साथ गाली गलौज कर मारपीट की थी। मामले में वीरेंद्र सिंह गुर्जर निवासी ग्राम करहियापुर हाल निवासी नया पटेल नगर कोंच ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की थी। पुलिस ने शुक्रवार को राघव सिंह पुत्र केदार निवासी ग्राम लकारा झाँसी और उसके साथी पुष्पराज पुत्र रिंकू निवासी पीपरी कलां थाना कैलिया के विरुद्ध दफा 326(च), 351(2)(3), 352 में मुकदमा दर्ज कर लिया है।ज्ञात हो कि वीरेंद्र सिंह गुर्जर ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उन्होंने पुत्री वर्षा की शादी लकारा गाँव निवासी राघव सिंह के साथ वर्ष 2010 में की थी लेकिन शादी के बाद से ही ससुरालीजन उसको प्रताड़ित कर रहे थे और कुछ दिन पहले उसके साथ मारपीट की गयी थी। मारपीट से परेशान होकर वर्षा उसके पास यहां मायके आ गई थी। 23/24 दिसंबर की रात राघव अपने साथी पुष्पराज के साथ यहां अपनी ससुराल आया और घर के दरवाजे पर खड़ी उसकी बाइक का पेट्रोल निकाल कर बाइक पर छिड़क दिया था और माचिस की तीली जलाकर आग लगा दी थी।और पत्नि सहित उसके साथ गाली गलौज व मारपीट कर मौके से दोनों भाग गए थे।

जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुये विवाद में 5 पर मुकदमा

जालौन-उरई। जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है।

कोतवाली क्षेत्र के जालौन निवासी एक पक्ष के रिहान, अंशुल व आशीष एवं दूसरे पक्ष के रिजवान व रहीश के बीच जमीन के कब्जे को लेकर विवाद हो रहा था। कहासुनी से शुरू हुआ विवाद बाद में गाली, गलौज व मारपीट तक पहुंच गया। वहां मौजूद लोगों ने दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की। न मानने पर उनहोंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पूर्व नौ सैनिक परिवारों के समागम समापन समारोह में कलाकारों ने बुंदेलखंडी संस्कृति का किया प्रदर्शन

■ कालपी-उरई

शनिवार को पूर्व सैनिकों के परिवारों का तीन द्विवसीय समागम कार्यक्रम का धूमधाम पूर्वक समापन हो गया। इस दौरान देश की रक्षा में वीरता का प्रदर्शन करने नौ सेना के पूर्व जवानों ने बुंदेलखंडी संस्कृति के प्रदर्शन को देखकर पर्यटन को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

जोल्हूपुर स्थित श्रीजा गार्डन में एसडीएम सुशील कुमार सिंह,सीओ अवधेश कुमार सिंह तथा स्तम्भकार के पी सिंह की मौजूदगी आयोजित आल इंडिया नेवल बेटरेशन समारोह में पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन ने सम्बोधित करते कालपी के एतिहासिक धरोहरों चौरासी गुम्बद, सुर्य मंदिर, लंका मीनार, पातालेश्वर मंदिर, यमुना नदी के प्राचीन घाटों, चंदेल कालीन दुर्ग आदि के एतिहासिक पहलुओं का सिलसिलेवार वर्णन किया। कार्यक्रम संयोजक सेवा निवृत नौसैनिक सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि बुंदेलखंड की सभ्यता, संस्कृति, खान-पान, भाषा शैली, एतिहासिक, धार्मिक स्मारकों को विश्व पटल पर लाने के उद्देश्य से इस साल पूर्व नौसैनिकों का तीन दिवसीय समागम समारोह का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम के संयोजक तथा संचालन पूर्व नौसौनिक सुरेंद्र सिंह राठौर ने कानपुर नेवल वेटरेशन निराश्रितों को कम्वल वितरण किये तथा 5 बच्चों की शिक्षा के व्यय को उठाने की घोषणा की गयी।

इस समागम में 17 प्रदेशों के पूर्व सैनिक एकत्रित हुए हैं तथा परिवार सहित विचार साझा कर रहे है। पूर्व सैनिक परिवारों में बुंदेलखंडी मराठी उत्तराखंडी भोजपुरी आदि पंजाबी हरियाणवी शैली पर गीत गाकर नृत्य करते हुए उत्साहवर्धन किया। पूर्व सैनिकों ने बुंदेलखंड के पर्यटन को ब?ावा देने के उद्देश् से ऐतिहासिक नगरी कालपी समेत बुंदेलखंड के प्राचीन सांस्कृतिक एवं धार्मिक स्मारकों को विश्व के पटल पर लाने तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के नौसैनिकों ने भ्रमण कर दर्शन किये।

पूर्व नौ सैनिकों का मिलन समारोह में देश भर के प्रतिनिधियों ने की भागीदारी

कालपी -उरई। पूर्व नौसैनिकों का भव्य मिलन समारोह श्रीजा गार्डन, कालपी, ओरई में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सहित 17 राज्यों के पूर्व नौसैनिकों ने भाग लिया।मुख्य अतिथि नरेंद्र पाल सिंह जादौन (पूर्व विधायक), कमांडर नयन सिंह रावत, एसडीएम कालपी एसके सिंह, और सीओ कालपी ए.के. सिंह रहे।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधि- महेंद्र कुमार, मानवेंद्र मिश्रा, सिद्धार्थ सिंह राठौर, देवेश गुप्ता, उमेश कुमार सिंह, राहुल अवस्थी, आदित्य पांडे, राजकुमार, विनय सिंह, मरदान सिंह, सत्येंद्र सिंह, कप्तान वर्मा, प्रदीप राठौर, जितेंद्र पांडे, आर.बी. सिंह, श्यामजी तिवारी, हेमंत और जयदीप सिंह।

अन्य राज्यों से आए पूर्व नौसैनिको में उत्तराखंड- रंजीत सिंह, पिताम्बर शर्मा, पंजाब- बलवान मनहास, दमन- उदय धोटे, हिमाचल प्रदेश- कुशल सिंह, पश्चिम बंगालआलोक बरन चक्रवर्ती, झारखंड- सुजेंद्र रॉय, बिहार सेवा राम पांडेय संतोष उपाध्याय, कर्नाटक हेमंत कुमार, तेलंगाना से नितिन बी. राव,दिल्ली से दुर्गा सिंह रावत,आर.सी. जोशी,महाराष्ट्र से नवनाथ घोग्रे, प्रशांत सेवराम पांडे, हरियाणा- सुरेश चंदर, डी.के. बदालिया,आंध्र प्रदेश- एस.के. तिवारी,मध्य प्रदेश से मानवेन्द्र मिश्रा ,राजस्थान - जय प्रकाश झाझरिआ ,छत्तीसगड़ से चंद्रकांत जोरंडे , राहुल सिंह राठौर अधिवक्ता अपूर्व श्रीवास्तव , शिक्षा विद रूप सिंह चंदेल , समाजसेवी डॉ विपिन शुक्ला, जीतेन्द्र शुक्ला , नेत्र विशेषज्ञ डॉ विशाल गुप्ता का विशेष योगदान रहा।

युवा छात्र सम्मेलन एवं खिचड़ी वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

■ कोंच

गल्ला मंडी स्थित सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज, शिशु मंदिर और शिशु वाटिका में युग पुरुष व युवाओं के आदर्श स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर पुरातन छात्र सम्मेलन एवं मकर संक्रांति पर्व से पूर्व खिचड़ी वितरण कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मूलचंद्र निरंजन, नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, नीमा अध्यक्ष डॉ अलोक निरंजन और समाजसेवी सुदर्शनदास महंत ने माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अध्यक्षता शिशु कल्याण समिति के अध्यक्ष ब्रजमोहन तिवारी ने की जबकि विद्यालय के प्रबंधक डॉ दिलीप अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आनंद समरया, शम्भूदयाल स्वर्णकार, कृष्णकुमार मिश्रा, मधु गुप्ता, सतीश अग्रवाल, देशराज जादौन, शिवकुमार पटेल और प्रधानाचार्या आभा तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रही। उपस्थित छात्र छात्राओं के बीच बोलते हुए विधायक ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विवेकानंद के आदर्शों पर चलकर अच्छे मुकाम पर पहुंचकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें, यही जीवन की सार्थकता होगी। उन्होंने कहा कि विद्या भारती द्वारा संचालित विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर चुके तमाम लोग देश की सेवा में लगे हैं जो सराहनीय है। अन्य वक्ताओं ने भी छात्र-छात्राओं को सम्बोधित कर अनुशासन और लगन के साथ शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। अंत में सामूहिक रूप से खिचड़ी बांटी गयी, साथ ही नगर के प्रमुख मारकंडेयश्वर चौराहे पर विद्यालय परिवार द्वारा आम जनमानस के बीच खिचड़ी वितरित की गयी।

इससे पूर्व विद्यालय परिवार ने विधायक सहित अन्य अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर नरेंद्र सिंह, पंकज बाजपेयी, नीतू गर्ग, सरोज खरे, सरला मिश्रा, शैलेन्द्र सिंह, विवेक तिवारी, प्रभा गुप्ता, राजीव राठौर, शिवानी सिंह, आकांक्षा सिंह, ज्योति गुप्ता, रंजना तिवारी, पूजा राठौर, रौली मिश्रा, मनीष अग्रवाल, शुर्ति गुप्ता, वंदना अवस्थी, रवि कुमार, दिव्या मिश्रा, राधा दुबे, विनीत खरे, मृदुल दुबे, सतीश पाण्डेय, सुलभ अग्रवाल, संतुष्ट तिवारी, नरेंद्र सिंह, कृष्णकुमार, आनंद भारद्वाज, सुनील पाठक, धीरेन्द्र सिंह, मनोज दुबे, अशोक शर्मा, हरिकिशोर, रामकुमार, अरविन्द, अंजना, आकांक्षा, सरिता, साधना, योगेश, अंकित पटेल, मीनू शर्मा, चंदा कुशवाहा, दीक्षा, सोनम, शुभम, जितेंद्र शाहू आदि मौजूद रहे।

सार समाचार

नेपाल के पूर्व उपप्रधानमंत्री लामिछाने को मिली जमानत

काठमांडू। पूर्व उपप्रधानमंत्री रवि लामिछाने को करीब आधा दर्जन सहकारी बैंक ठगी मामले में पोखरा जिला अदालत से गुरुवार को जमानत मिल गई। कोर्ट ने उन्हें 65 लाख रुपये के बेल बांड पर रिहा करने का आदेश दिया है। पिछले 84 दिनों से पुलिस हिरासत में चल रहे रवि लामिछाने की जमानत को लेकर एक हफ्ते से चली आ रही बहस के बाद आज जिला न्यायाधीश क्षितिज राई ने सहकारी बैंक ठगी के सभी प्रमुख आरोपितों को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। रवि लामिछाने के खिलाफ इस समय पांच अलग-अलग जिला अदालतों में ठगी के मामले चल रहे हैं।

चीन की हरकतों का मुंहतोड़ जवाब देने की तैयारी में ताइवान

ताइपे। चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। वह लगातार ताइवान को घेरने की कोशिश कर रहा है। ऐसे में ताइपे ने गुरुवार को चीन के संभावित हमले के खिलाफ अपनी समुद्री रक्षा प्रणाली का प्रदर्शन किया। बता दें, यह ताइवान की सुरक्षा रणनीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य मुख्यभूमि से होने वाले आक्रमण को रोकना है ताइवान की नौसेना ने काऊशुंग बंदरगाह के पास अपनी कुआंग हुआ तेज आक्रमण मिसाइल नौकाएं और तुओ चियांग श्रेणी के युद्धपोत तैनात किए हैं। काऊशुंग एक बड़ा व्यापारिक केंद्र है, जिसे चीन के सैनिकों द्वारा ताइवान पर हमला करने के बाद महत्वपूर्ण आपूर्ति केंद्र माना जाता है।

इलाज कराने लंदन पहुंचीं पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया

लंदन। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष खालिदा जिया इलाज कराने के लिए लंदन पहुंचीं हैं। कई बीमारियों से पीड़ित 79 वर्षीय खालिदा जिया कतरी रॉयल एयर एम्बुलेंस से लंदन पहुंची हैं। वर्ष 2017 के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा है। खालिदा जिया के लंदन पहुंचने की जानकारी बीएनपी के मीडिया सदस्य शैरुल कबीर खान ने दी। उन्होंने बताया कि जिया की एयर एम्बुलेंस दोपहर 2:55 बजे (बांग्लादेश समय) लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर उतरी। लंदन में बांग्लादेश के कार्यवाहक उच्चायुक्त मोहम्मद हजरत अली खान ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया।

श्रीलंकाई बौद्ध भिक्षुक को नौ महीने की सजा

कोलंबो। श्रीलंका के एत कट्टर बौद्ध भिक्षु को कोलंबो मजिस्ट्रेट कोर्ट ने नौ महीने सजा सुनाई है। उनपर 2016 में इस्लामोफोबिक टिप्पणियां करने का आरोप था। बता दें कि इस्लाम के प्रति डर पैदा करने वाले टिप्पणियों को इस्लामोफोबिक टिप्पणी कहते हैं। आरोपी भिक्षु की पहचान 49 वर्षीय गैलागोडा अथथे ज्ञानसार के तौर पर की गई है। कोलंबो के अतिरिक्त मजिस्ट्रेट पासन अमरसेना ने उनपर 1,500 रुपये की जुर्माना लगाया है। पिछले साल मार्च के महीने में हाई कोर्ट ने उन्हें चार साल की कठोर सजा सुनाई थी। इसके पांच महीने बाद ही उन्हें अपील कोर्ट की तरफ से रिहाई मिल गई थी।

नेपाल : बहुदलीय व्यवस्था को खत्म करने की योजना

काठमांडू। नेपाल में सरकार के कहने पर निर्वाचन आयोग ने एक ऐसा कानून प्रस्तावित किया है, जिससे देश में अगले चुनाव से संसदीय निर्वाचन प्रक्रिया में सिर्फ कांग्रेस और एमाले के ही शामिल रहने की पूरी संभावना है। निर्वाचन आयोग के प्रस्ताव पर गृह मंत्रालय ने हरी झंडी दिखाते हुए इसे कानून मंत्रालय के पास भेज दिया है। मौजूदा समय में नेपाल की सरकार में दो सबसे बड़ी पार्टियां नेपाली कांग्रेस और नेकपा एमाले शामिल हैं। दो विपरीत ध्रुव के दलों की सरकार बनने के बाद देश में राजनीतिक स्थिरता के नाम पर बहुदलीय व्यवस्था को ही खत्म करने की योजना पर काम हो रहा है।

गर्म हवा के गुब्बारे

मिस्र के लक्सर में नील नदी के पश्चिमी तट पर गर्म हवा के गुब्बारे उड़ते हुए। पर्यटन शहर लक्सर में आने वाले पर्यटकों के लिए गर्म हवा के गुब्बारे में उड़ान भरना लोकप्रिय है।

अमेरिका बड़ा झटका देने की तैयारी में

पाक को गैर-नाटो सहयोगी दर्जा खत्म करने वाला विधेयक पेश

एजेंसी, वॉशिंगटन

पाकिस्तान एक तरफ आर्थिक तंगी से जूझ रहा है और दूसरी तरफ अफगान तालिबान ने उसकी नाक में दम किया हुआ है। अब अमेरिका भी पाकिस्तान को बड़ा झटका देने की तैयारी कर रहा है। दरअसल अमेरिकी संसद में एक सांसद ने विधेयक पेश किया है, जिसमें पाकिस्तान का गैर नाटो सहयोगी का दर्जा खत्म करने का प्रस्ताव किया गया है।

विधेयक में पाकिस्तान से की गई हैं ये मांग: एक प्रभावशाली रिपब्लिकन सांसद एंडी बिग्स ने संसद में विधेयक पेश किया है। इस विधेयक में कहा गया है कि राष्ट्रपति को तब तक पाकिस्तान को गैर नाटो सहयोगी का दर्जा देने वाला प्रमाणपत्र जारी नहीं करना चाहिए, जब तक पाकिस्तान हक्कानी नेटवर्क के खिलाफ सैन्य कार्रवाई जारी नहीं रखता है। विधेयक में ये भी कहा गया है कि पाकिस्तान को हक्कानी नेटवर्क को पाकिस्तान की धरती पर रहकर अपनी गतिविधियां चलाने की इजाजत नहीं देनी चाहिए। साथ ही पाकिस्तान को अफगान सरकार के साथ मिलकर हक्कानी नेटवर्क की मूवमेंट को बाधित करने के लिए भी कहा जाना चाहिए।

गैर-नाटो सहयोगी के दर्जे से पाक ने अमेरिका से लिए अरबों डॉलर

उल्लेखनीय है कि साल 2004 में अमेरिका ने अल-कायदा और तालिबान से लड़ने के लिए पाकिस्तान को गैर नाटो सहयोगी का दर्जा दिया था। इसके तहत पाकिस्तान को अमेरिका से हथियार, हथियार बिक्री प्रक्रिया में छूट और ऋण कार्यक्रम में भी प्राथमिकता मिलती रही है। इस दर्जे के तहत पाकिस्तान, अमेरिका के आधुनिका हथियारों को भी खरीदने का पात्र है। बीते करीब दो दशकों में अमेरिका ने इसके तहत पाकिस्तान को अरबों डॉलर की आर्थिक मदद और आधुनिक हथियार दिए हैं, लेकिन पाकिस्तान ने इस मदद का इस्तेमाल आतंकवाद से लड़ने की बजाय उसे और पोषित करने और भारत के खिलाफ इस्तेमाल किया है। जिस अल-कायदा से लड़ने के लिए पाकिस्तान को अरबों डॉलर मिले, उसी अल-कायदा का प्रमुख ओसामा बिल लादेन पाकिस्तान से ही पकड़ा गया था।

बड़ी संख्या में इमारतें नष्ट लाखों लोग प्रभावित

कैलिफोर्निया के जंगलों में लगी आग ने धारण किया भीषण रूप, 5 लोगों की मौत

एजेंसी, कैलिफोर्निया

अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में लॉस एंजिल्स के नजदीक जंगलों में लगी आग ने भयावह रूप ले लिया है। आग से अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है और काफी संख्या में लोग घायल हैं। करीब तीस हजार लोगों को घर-बार छोड़ना पड़ा है। आग की चपेट में आकर बड़ी संख्या में इमारतें नष्ट हो गई हैं। शुरुआत में यह आग पैसिफिक पैलिसेड्स, ईटन और हर्स्ट के जंगलों में लगी जो तमाम प्रयासों बावजूद दूसरे इलाकों में फैल गई। बताया जा रहा है कि दक्षिण कैलिफोर्निया के सूखे जंगलों में तेज हवाओं के साथ यह आग तेजी से फैली। अबतक 5 लोगों की मौत लॉस एंजिलेस के जंगलों में लगी आग लगातार तेजी से फैल रही है जिसके कारण स्टेट ऑफ इमरजेंसी की घोषणा कर दी गई है। साथ ही लोगों के लिए चेतावनी जारी की गई है। एलए काउंटी के फायर चीफ एंथनी मार्रोन ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि ईटन में लगी आग के कारण 5 लोगों की जान चली गई और कई लोग घायल हैं। जबकि लॉस एंजेल्स के पैसिफिक पैलिसेड्स में लगी आग के दौरान हजारों लोगों को सुरक्षित निकाला गया। इसके साथ ही हर्स्ट में आग भड़क गई है। इस आग से लाखों की संख्या में लोग प्रभावित हुए हैं और करीब 30 हजार लोगों को घर छोड़ना पड़ा है। आग की भयावहता और दूसरे इलाकों में इसके फैलने की आशंका को देखते हुए 50 हजार लोगों को घर खाली करने के आदेश दिए गए हैं। इस आग से डेढ़ हजार से ज्यादा इमारतें नष्ट हो चुकी हैं। कैलिफोर्निया के पसाडिना शहर में आग से यहूदी प्रार्थनास्थल जल गया।

इतिहास की सबसे महंगी आग

आग को बुझाने की कोशिशें अबतक नाकाफी साबित हुई हैं। यह आग अमेरिकी इतिहास की सबसे महंगी आग साबित हो सकती है। इस आग को बुझाने और इसके बाद का खर्च अरबों डॉलर में जा सकता है।

हवा चलने से फैली आग

पासाडेना में अग्निशमन प्रमुख चाड ऑगस्टिन ने कहा कि ईटन में लगी आग से करीब 200 से 500 इमारतें नष्ट हुई हैं। उन्होंने कहा कि शहर की जल व्यवस्था पर आग बुझाने के लिए दबाव पड़ रहा था। इसके बाद जब बिजली कटौती हो गई तो दिक्कत और बढ़ गई। इसके बाद तेज हवाएं चलने से उड़े अंगारों ने दूसरे इलाकों को भी अपनी चपेट में ले लिया। उन्होंने कहा कि हम आग को रोक नहीं पाए। क्योंकि हवा के झोंके आग से कई मील आगे तक अंगारे फेंक रहे थे। लॉस एंजिल्स के पैसिफिक पैलिसेड्स में भी आग से काफी नुकसान हुआ।

हॉलीवुड स्टार का 72 करोड़ में बना बंगला जलकर हुआ राख

अमेरिका के लॉस एंजेलिस से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। यहाँ के प्रसिद्ध पैसिफिक पैलिसेड्स इलाके में लगी भीषण आग ने कई हॉलीवुड सितारों के आलीशान घरों को अपनी चपेट में ले लिया है। पेरिस हिल्टन, स्टीवन स्पिलबर्ग, मैंडी मूर, एश्टन कुचर जैसे नामी सितारों के घर आग की भेंट चढ़ गए हैं। इस हादसे ने इन सितारों को अपना घर छोड़ने पर मजबूर कर दिया है। पेरिस हिल्टन का घर 72 करोड़ रुपए की कीमत का था, जो अब जलकर राख हो गया है। लॉस एंजेलिस के जंगलों में लगी यह आग लगातार फैलती जा रही है और अब तक इसे काबू नहीं किया जा सका है। कैलिफोर्निया में तेज हवाएं भी चल रही हैं, जो आग को और बढ़ावा दे रही हैं। आग के कारण कई हॉलीवुड सितारे अपना घर छोड़ने पर मजबूर हुए हैं और हालात बेहद खराब हो गए हैं। पैसिफिक पैलिसेड्स, जो हॉलीवुड सितारों का एक मशहूर क्षेत्र है, अब पूरी तरह आग की चपेट में आ चुका है। इस इलाके में स्थित बड़े-बड़े बंगले जलकर राख हो गए हैं। सोशल मीडिया पर लोग इस भयानक आग की तस्वीरें और वीडियो शेयर कर रहे हैं, जिसमें आग का विकराल रूप साफ नजर आ रहा है।

पाकिस्तान में 3 हिंदू युवकों का अपहरण हत्या की दी धमकी

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में अपराधियों ने तीन हिंदुओं का अपहरण कर लिया है। अपराधियों ने पुलिस से मांग की है कि वह उनके साथियों को छोड़ दे अन्यथा वे अपहृत लोगों की हत्या कर देंगे। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यहां से करीब 400 किलोमीटर दूर पंजाब प्रांत के रहीम यार खान जिले के भोंग क्षेत्र में अपहरण की यह घटना घटी। पुलिस के अनुसार, जब तीन हिंदू युवक (शमन, शमीर और साजन) भोंग में 'चौक सवेत्रा बेसिक हेल्थ यूनिट (बीएचयू)' के पास मौजूद थे, तब पांच सशस्त्र डकैत उन्हें अगवा कर कच्चा (नदी क्षेत्र) क्षेत्र में ले गए। बाद में इन डकैतों के सरगना आशिक कोराई ने एक वीडियो संदेश जारी किया और अहमदपुर लामा थाने के पुलिस अधिकारी राणा रमजान को चेतावनी दी कि वह कोराई परिवार के दस सदस्यों को रिहा कर दें, वरना वे (डकैत) न केवल अपहृत हिंदू युवकों की ''हत्या कर देंगे बल्कि पुलिस पर भी हमला करेंगे।'' वीडियो में जंजीर में बंधे नजर आ रहे हिंदू युवक प्रशासन से अपनी रिहाई की गुहार लगा रहे हैं। पिछले साल रहीम यार खान जिले के कच्चा क्षेत्र में डकैतों द्वारा दो पुलिस वाहनों पर किये गये हमले में 12 पुलिसकर्मी मारे गये थे और सात घायल हो गये थे।

छह हमलावर गिरफ्तार, एक सैनिक की भी मौत

अफ्रीकी देश चाड में राष्ट्रपति भवन पर हमला सुरक्षाबलों ने मार गिराए 18 हमलावर

एजेंसी, एनजामेना

मध्य अफ्रीकी देश चाड के राष्ट्रपति महमहत डबी इटनो के महल पर बड़ा हमला किया गया। इस हमले में सुरक्षाबलों ने 18 हमलावरों को मार गिराया। साथ ही छह को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, इस दौरान एक सैनिक की भी जान चली गई और तीन अन्य घायल हो गए।

हमले के वक्त महल में ही मौजूद थे राष्ट्रपति: हमला बुधवार रात को हुआ था। जिस समय घटना घटी उस समय राष्ट्रपति इटनो महल के अंदर ही मौजूद थे। वहीं, अधिकारियों का कहना है कि स्थिति को जल्द ही नियंत्रण में कर लिया गया था। इसके अलावा, देर रात विदेश मंत्री अब्देरमान कुलामल्लाह ने एक लाइव फेसबुक प्रसारण में कहा, 'हालात पूरी तरह से नियंत्रण में है। कोई डर की बात नहीं है।' विदेश मंत्री ने एक टीवी इंटरव्यू में महल के रक्षाकर्मियों की चौकसी की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्थिति पूरी तरह से शांत है और लोग घबराएं नहीं।

बोको हरम ने कराया हमला?

हमले के बाद अफवाहें फैलने लगी कि यह हमला बोको हरम ने कराया था। बता दें, बोको हराम ने एक दशक से भी ज्यादा समय पहले पश्चिमी शिक्षा के खिलाफ विद्रोह शुरू किया था। वो नाइजीरिया के उत्तर-पूर्व में इस्लामी कानून स्थापित करना चाहता है। यह विद्रोह कैमरून, नाइजर और चाड सहित पड़ोसी पश्चिमी अफ्रीकी देशों में फैल गया है। करीब 1.8 करोड़ लोगों वाला देश चाड विवादास्पद राष्ट्रपति चुनाव से पहले और बाद में राजनीतिक उथल-पुथल से जूझ रहा है।

पश्चिमी म्यांमार के एक गांव पर सेना का हवाई हमला; 40 लोगों की मौत

बैंकॉक। म्यांमार की सेना की तरफ से अराकान सेना के नियंत्रण वाले गांव पर हवाई हमला किया है। जिसमें लगभग 40 लोग मारे गए और कम से कम 20 अन्य घायल हो गए हैं। समूह के अधिकारियों और एक स्थानीय चैरिटी ने गुरुवार को बताया कि इस बमबारी से लगी आग में सैकड़ों घर जल गए। उन्होंने बताया कि यह हमला बुधवार को पश्चिमी राखीन राज्य में जातीय अराकान सेना की तरफ से नियंत्रित क्षेत्र रामरी द्वीप पर क्यौक नी माव गांव में हुआ। इस दौरान सेना ने क्षेत्र में किसी भी हमले की घोषणा नहीं की है। गांव में स्थिति की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी, क्योंकि क्षेत्र में इंटरनेट और सेलफोन सेवा तक पहुंच ज्यादातर कटी हुई है। म्यांमार में हिंसा की स्थिति तब शुरू हुई जब सेना ने फरवरी 2021 में आंग सान सू की की निर्वाचित सरकार को हटा दिया। वहीं सेना की तरफ से शांतिपूर्ण प्रदर्शनों को दबाने के लिए घातक बल का इस्तेमाल करने के बाद, सैन्य शासन के कई विरोधियों ने हथियार उठा लिए और देश के बड़े हिस्से अब संघर्ष में उलझे हुए हैं।

युद्धविराम समझौते के कुछ हफ्ते बाद हुआ मतदान

लेबनान की संसद ने सैन्य कमांडर जोसेफ औन को चुना राष्ट्रपति, गतिरोध समाप्त

एजेंसी, बेरूत

लेबनान को आखिरकार दो साल के लंबे अंतराल के बाद नया राष्ट्रपति मिल गया है। बता दें कि, लेबनान की संसद ने गुरुवार को देश के सेना कमांडर जोसेफ औन को नया राष्ट्राध्यक्ष चुना है। यह मतदान इस्राइल और हिजबुल्ला के बीच 14 महीने के संघर्ष के युद्धविराम समझौते के कुछ हफ्ते बाद हुआ है। नए राष्ट्रपति जोसेफ औन, जो पूर्व राष्ट्रपति मिशेल औन से कोई संबंध नहीं रखते हैं, को व्यापक रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका और सऊदी अरब के पसंदीदा उम्मीदवार के रूप में देखा गया था। जोसेफ औन लेबनान के राष्ट्रपति पद पर आसीन होने वाले पांचवें पूर्व सेना कमांडर हैं।

हिजबुल्ला समर्थित उम्मीदवार ने वापस लिया था नाम: वहीं हिजबुल्ला ने पहले एक अन्य उम्मीदवार सुलेमान फ्रांगीह का समर्थन किया था, जो उत्तरी लेबनान में एक छोटी ईसाई पार्टी के नेता हैं, जिनके सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर असद से घनिष्ठ संबंध हैं।

जोसेफ औन को 128 में से 71 वोट मिले

गुरुवार को मतदान के पहले दौर में, जोसेफ औन को 128 में से 71 वोट मिले, लेकिन सीधे जीतने के लिए आवश्यक दो-तिहाई बहुमत से कम रहे। बाकी में से, 37 सांसदों ने खाली मतपत्र डाले और 14 ने 'संप्रभुता और संविधान' के लिए मतदान किया। दूसरे दौर में, उन्हें 99 वोट मिले। संकटग्रस्त भूमध्यसागरीय छोटे से देश में कई बार राष्ट्रपति पद खाली रही है, जिसमें सबसे लंबा कार्यकाल मई 2014 से अक्तूबर 2016 के बीच करीब ढाई साल का रहा। यह तब खत्म हुआ जब पूर्व राष्ट्रपति मिशेल औन चुने गए।

अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि की रिपोर्ट में दावा

अवैध रूप से चल रही दुनिया की 35 हजार ऑनलाइन फार्मेसी

एजेंसी, न्यूयॉर्क

अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि की 'बदनाम बाजारों' पर सालाना रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया की लगभग सभी 35000 ऑनलाइन फार्मेसियां अवैध रूप से चलाई जा रही हैं और उनका उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं को बेकार या खतरनाक दवाएं मिलने का खतरा रहता है। इस रिपोर्ट में नकली या पायरेटेड उत्पादों के बारे में चिंताओं के लिए 19 देशों को भी चिन्हित किया गया है। इस रिपोर्ट में लगभग 36 ऑनलाइन खुदरा विक्रेताओं का भी नाम लिया गया है, जिनमें से कई चीन या एशिया के अन्य जगहों पर हैं, जिनके बारे में कहा गया है कि वे कथित तौर पर नकली उत्पाद या अन्य अवैध गतिविधियों को बेचने में लगे हुए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 96 प्रतिशत ऑनलाइन फार्मेसियां कानून का उल्लंघन करती पाई गईं, जिनमें से कई बिना लाइसेंस के काम कर रही थीं और बिना प्रिस्क्रिप्शन और सुरक्षा चेतावनियों के दवाएं बेच रही थीं।

'अक्सर वैध ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म की तरह दिखती हैं वेबसाइटें': बुधवार को जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि उनकी वेबसाइटें अक्सर वैध ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म की तरह दिखती हैं, अक्सर झूठे दावों के साथ कि उन्हें खाद्य और औषधि प्रशासन की तरफ से स्वीकृत की गई है। एफडीए और यूएस ड्रग एन्फोर्समेंट एडमिनिस्ट्रेशन दोनों ने ऐसे स्रोतों से प्रिस्क्रिप्शन दवाएं खरीदने के जोखिमों के बारे में चेतावनी जारी की है।

चार में से एक अमेरिकी ने दी नकली दवा मिलने की सूचना

अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि की रिपोर्ट ने एलायंस फॉर सेफ ऑनलाइन फार्मेसीज ग्लोबल फाउंडेशन की तरफ से किए गए एक सर्वेक्षण का हवाला दिया, जिसमें पाया गया कि ऑनलाइन फार्मेसियों का उपयोग करने वाले लगभग चार में से एक अमेरिकी ने घटिया, नकली या हानिकारक दवाएं मिलने की सूचना दी है। संघीय अभियोजकों ने सोमवार को बताया कि पिछले साल, संघीय अभियोजकों ने रिपोर्ट की थी कि अमेरिका, डोमिनिकन गणराज्य और भारत में मौजूद अवैध दवा विक्रेताओं के एक नेटवर्क ने संभावित रूप से घातक सिंथेटिक ओपिओइड को गोलियों में पैक किया था, जिन्हें आम नुस्खे वाली दवाओं के रूप में प्रच्छन्न किया गया था और नकली ऑनलाइन दवा की दुकानों के माध्यम से लाखों लोगों को बेचा गया था। अभियोग में कहा गया है कि नकली गोलियों का सेवन करने के बाद अगस्त 2023 और जून 2024 के बीच कम से कम नौ लोगों की मौत मादक पदार्थों के जहर से हुई।

हेनले पासपोर्ट इंडेक्स ने जारी की सूची

सिंगापुर के पासपोर्ट से 185 देशों में वीजा फ्री यात्रा संभव

एजेंसी, नई दिल्ली

साल 2025 के पहले छह महीने के लिए दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट की रैंकिंग जारी हो गई है। इस रैंकिंग को प्रतिष्ठित संस्था हेनले एंड पार्टनर्स ने प्रकाशित किया है। यह इंडेक्स इस आधार पर पासपोर्ट की रैंकिंग तैयार करता है कि उस पासपोर्ट को रखने वाले बिना किसी वीजा के कितने देशों में जा सकते हैं। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स के मुताबिक, सिंगापुर का पासपोर्ट दुनिया का सबसे ताकतवर पासपोर्ट है, जिसे रखने वाले लोग दुनिया के 195 देशों में वीजा फ्री यात्रा कर सकते हैं। वहीं, भारत की रैंकिंग 85 है। भारतीय पासपोर्ट के जरिए दुनिया के 57 देशों में वीजा फ्री यात्रा की जा सकती है। हालांकि, पिछले साल के मुकाबले भारत 5 रैंक नीचे आ गया है। सिंगापुर के बाद दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट की रैंकिंग में जापान दूसरे नंबर पर है। इसके जरिए लोगों को 193 देशों की वीजा फ्री यात्रा की अनुमति मिलती है।

स्वामी विवेकानंद और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम

विवेकानंद जयंती

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर, हमें स्वामी विवेकानंद को केवल स्मरण नहीं करना चाहिए, बल्कि उनके विचारों को आत्मसात करने का भी प्रयास करना चाहिए। उनका जीवन और उनके विचार हमें यह सिखाते हैं कि जब तक हमारे भीतर साहस, संकल्प और सेवा की भावना जीवित है, तब तक कोई भी शक्ति हमें अपने लक्ष्यों से विचलित नहीं कर सकती। स्वामी विवेकानंद भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के वह अप्रत्यक्ष सूत्रधार थे। जिन्होंने स्वतंत्रता के सपने को साकार करने की नींव रखी। स्वामी जी ने कहा था गर्व से कहो हम हिन्दू हैं। यही हमारा परिचय है।

शाहीन सबा

कल हमने पौष शुक्ल द्वादशी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलल्ला के प्राण-प्रतिष्ठा का प्रथम वार्षिकोत्सव मनाया या यूं कहें देश ने दूसरी दीपावली मनाई। आज जैसे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का केंद्र बन गया है वैसे ही भारतीय स्वाधीनता संग्राम के पूर्वाशस्त्रह में जनमानस में नई जागृति और नवोत्साह का संचार करने वाले महापुरुषों में एक ध्रुव व्यक्तित्व हैं स्वामी विवेकानंद जी। उनकी ओजस्वी वाणी ने हमें आत्मबोध और शत्रुबोध कराया। स्वामी जी ने युवाओं में क्षात्र तेज और ब्राह्मतेज की साधना का संकल्प जगाया। उनके आह्वान पर सुषुप्तावस्था का भारत आंखें खोल कर अंगड़ाइयां लेने लगा।

वह भारतवर्ष, जिसकी पहचान सहस्त्रों वर्षों से अपनी आध्यात्मिक धरोहर, ज्ञान और सांस्कृतिक वैभव से रही है, औपनिवेशिक काल में आत्मविस्मृति और पराभव के अंधकार में डूब चुका था। ऐसी स्थिति में इस महापुरुष ने भारतीय जनमानस को उसकी खोई हुई चेतना से परिचित कराया। स्वामी विवेकानंद, एक संन्यासी, जिन्होंने केवल ध्यान और वैराग्य को ही जीवन का आधार नहीं बनाया, अपितु कर्म, त्याग और आत्मनिर्भरता के माध्यम से भारत की आत्मा को पुनर्जीवित करने का संकल्प लिया। उनकी उपस्थिति स्वतंत्रता संग्राम के शैशवकाल में वह प्रेरणास्रोत बनी, जिसने न केवल जनसामान्य को, अपितु राष्ट्र के भावी स्वप्नदर्शियों और सेनानायकों को भी जागृत किया।

स्वामी विवेकानंद के विचारों की गहराई केवल उनके शिकागो में दिए गए भाषणों तक सीमित नहीं थी। उनके शब्दों में वह शक्ति थी, जो एक जड़ हो चुके समाज को उसकी नाड़ी का बोध कराती थी। उनका कहना था, हमारी सबसे बड़ी कमजोरी हमारी आत्मविस्मृति है। उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो। यह संदेश, स्वतंत्रता संग्राम के आरंभिक दौर में, एक नए आत्मबोध का शंखनाद था। उनके विचारों ने भारतीय युवाओं को यह बोध कराया कि वे केवल गुलामी की बेड़ियों में जकड़े हुए लोग नहीं, बल्कि एक ऐसी महान परंपरा के वाहक हैं, जो विश्व को ज्ञान, करुणा और शक्ति का प्रकाश दे सकती है।

स्वामी विवेकानंद का स्वतंत्रता आंदोलन से संबंध सीधा राजनीतिक न होकर सांस्कृतिक और नैतिक था। वह उस मानसिकता के कट्टर आलोचक थे, जो भारतीयों को हीन और अशक्त मानती थी। ब्रिटिश शासन के द्वारा प्रसारित उस कथित कल्चर के सिद्धांत को स्वामी जी ने तर्क और दर्शन के माध्यम से खंडित किया। शिकागो में उनके उद्घोष ने यह सिद्ध किया कि भारत की संस्कृति, धर्म और दर्शन विश्व की सबसे उन्नत विचारधाराओं में से एक है। उन्होंने भारतीय समाज को यह सिखाया कि स्वतंत्रता केवल बाहरी दासता से मुक्ति नहीं, बल्कि आंतरिक बंधनों और आत्मविस्मृति से उबरने का नाम है।

उनका जीवन और कार्य, उन अनगिनत क्रांतिकारियों और नेताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बने, जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। सुभाष चंद्र बोस ने स्वयं कहा था कि स्वामी विवेकानंद उनके जीवन के सबसे बड़े प्रेरक थे। बोस का आत्मविश्वास, उनके विचारों की निर्भीकता, और उनकी संकल्पशक्ति स्वामी विवेकानंद के सिद्धांतों से प्रभावित थी। भगत सिंह जैसे क्रांतिकारियों की विचारधारा, जो साहस और देशभक्ति की मिसाल बनी, स्वामी विवेकानंद के उन विचारों की छाया थी, जो डर और निराशा के हर अंश को नष्ट करने का संदेश देते थे।

स्वामी विवेकानंद के जीवन का सबसे बड़ा योगदान था, समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने का प्रयास। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि धर्म, जाति और वर्ग के नाम पर विभाजित समाज को एक ऐसे सूत्र में पिरोया जाए, जहां व्यक्ति अपने दायित्व और अधिकार दोनों के प्रति सजग हो। उन्होंने रामकृष्ण मिशन के माध्यम से जो सेवा कार्य प्रारंभ किए, उन्होंने यह सिद्ध किया कि धर्म का वास्तविक स्वरूप केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं, बल्कि वह समाज के प्रति जिम्मेदारी और सेवा का मार्ग है। यही विचार गांधीजी के ग्रामीण स्वराज और तिलक के स्वदेशी आंदोलन में भी परिलक्षित हुआ।

स्वामी विवेकानंद का दृष्टिकोण स्पष्ट था- यदि भारत को स्वतंत्र होना है, तो उसे पहले अपने भीतर जागना होगा। उनका कहना था, स्वतंत्रता आत्मबल से ही संभव है। इस आत्मबल का तात्पर्य केवल शारीरिक शक्ति नहीं, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक जागृति से था। उन्होंने शिक्षा को इस जागृति का आधार बताया। उनका मानना था कि शिक्षा केवल बुद्धि का विकास नहीं करती, बल्कि आत्मा को प्रकाशित करती है। उनके विचारों ने शिक्षा को उस युग में भी एक ऐसा माध्यम बनाया, जिसने भारतीय समाज को पुनर्जीवित किया।

स्वामी विवेकानंद के विचारों की प्रासंगिकता आज भी उतनी ही है, जितनी स्वतंत्रता संग्राम के दौरान थी। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि सच्चा परिवर्तन केवल बाहरी संघर्षों से नहीं, बल्कि आंतरिक जागृति से होता है। आज, जब भारत स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे कर चुका है, विवेकानंद के विचार हमें यह याद दिलाते हैं कि स्वतंत्रता केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि एक दायित्व है। यह दायित्व है, अपनी संस्कृति, अपनी परंपरा और अपने आत्मगौरव को संरक्षित रखने का। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर, हमें स्वामी विवेकानंद को केवल स्मरण नहीं करना चाहिए, बल्कि उनके विचारों को आत्मसात करने का भी प्रयास करना चाहिए। उनका जीवन और उनके विचार हमें यह सिखाते हैं कि जब तक हमारे भीतर साहस, संकल्प और सेवा की भावना जीवित है, तब तक कोई भी शक्ति हमें अपने लक्ष्यों से विचलित नहीं कर सकती। स्वामी विवेकानंद भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के वह अप्रत्यक्ष सूत्रधार थे। जिन्होंने स्वतंत्रता के सपने को साकार करने की नींव रखी। स्वामी जी ने कहा था गर्व से कहो हम हिन्दू हैं। यही हमारा परिचय है। आज का दिन अपने राष्ट्र के समस्त सांस्कृतिक मानबिन्दुओं पर गर्व करने और श्रीराम मंदिर की तरह उनके पुनरूद्धार का संकल्प लेने के साथ अपने आत्मबोध और शत्रुबोध के जागरण की साधना करने का संकल्प दिवस है।

विश्व के अनेकों देश 20 जनवरी 2025 तारीख से सहमें क्यों?

दुनियाँ के आर्थिक, व्यापारिक, अवैध प्रवासीयों पर कड़े फसलों की संभावना?

भारत सहित अनेकों देशों को 20 जनवरी 2025 के निमंत्रण का इंतजार-अमेरिका के सबसे बड़े संभाव्य मास डेपुटेशन प्लान की कार्यवाही तीव्र व भयावह होगी?- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर दुनियाँ की नजरे जहां एक और 5 फरवरी 2025 को भारत की राजधानी दिल्ली विधानसभा चुनाव व 8 फरवरी को वोटो की गिनती पर लगी हुई है तो दूसरी ओर उसके पूर्व 20 जनवरी 2025 को अमेरिका के 47 वें राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप शपथ ग्रहण कर व्हाइट हाउस में प्रवेश करेंगे जिससे पूरी दुनियाँ अनेक प्रश्नों से ठिठिरी हुई है कि, क्या ट्रंप दुनियाँ को बदल देंगे, क्या जिओ पॉलिटिक्स को चलने के नियम बदल देंगे, क्या ट्रंप का दूसरा कार्यकाल पहले से बहुत अलग होगा? क्या दुनियाँ में चल रहे दो दो युद्धों को रुकवा देंगे? क्या आतंकवाद का मुकाबला करने कोई बड़ा कदम उठाएंगे? क्योंकि जिस तरह वर्ष 2025 के प्रथम दिन ही अमेरिका पर बड़ा आतंकी हमला हुआ था आम नागरिकों पर पिकअप ट्रक चढ़ाया गया जिसमें 15 लोगों को कुचल दिया गया, व बाकी लोगों पर फायरिंग भी की गई इस ट्रक पर आईएसआईएस का झंडा लगा हुआ था, व तथाकथित आतंकी टैक्सास का रहने वाला था। 2013 से 2020 तक अमेरिकी सेना में भी रहा था। इसके अलावा अवैध घुसपैठ सहित आर्थिक व्यापारिक मामलों मैं क्या नियम बदल जाएंगे, इसके साथ ही दुनियाँ के अनेकों देशों के नेताओं का काउंटडाउन भी शुरू हो सकने की संभावना है। चीन कनाडा रूस ईरान पनामा विश्व स्वास्थ्य संगठन के हेड, बांग्लादेश पाकिस्तान सहित अनेकों देश ट्रंप को राष्ट्रपति बनते हुए नहीं देखना चाहते थे, परंतु बहुत से देश ऐसे हैं जो वाइट हाउस में ट्रंप को देखना चाहते थे जिसमें भारत इजराइल यूक्रेन सऊदी अरब जर्मनी इटली सहित अनेकों देश थे।चूँकि विश्व के अनेक अनेकों देश 20 जनवरी 2025 से सहमे हुए हैं, इसका उत्तर जानने के लिए हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, दुनियाँ के आर्थिक व्यापारिक अवैध प्रवासियों पर कड़े फैसले लेने की संभावना! भारत सहित अनेको देशों को 20 जनवरी 2025 को व्हाइट हाउस शपथ ग्रहण समारोह के आमंत्रण का इंतजार, अमेरिका के सबसे बड़े संभावित मांस डिपोर्टेशन प्लान की कार्रवाई तीव्र व भयावह होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। साथियों बात अगर हम विश्व के अनेकों देश के 20 जनवरी 2025 तारीख से सहमें होने की संभावना की करें तो, अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपतिडोनाल्ड ट्रंप ने देश में मास डिपोर्टेशन प्रोग्राम को लागू करने का वादा किया है। इसका मतलब है कि अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे लोगों पर कार्रवाई होगी। उन्हें देश से बाहर निकाल दिया जाएगा। इस मामले पर डोनाल्ड ट्रंप के बयानों को देखते हुए अटकलों का बाजार गर्म है। सबको 20 जनवरी का इंतजार है, जब डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 47 वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे और औपचारिक रूप से कोई कार्यकारी आदेश जारी करेंगे। मीडिया के अनुसार ट्रंप के आगे के कदम हमेशा के लिए अमेरिकी होने के अर्थ को बदल सकते हैं। इसमें यह भी बताया गया है कि राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल में इमिग्रेशन एक सदी से भी जयादा समय में अभूतपूर्व स्तरपर पहुंच गया है,जो अनुमानित 8 मिलियन (80 लाख) प्रवासियों की संख्या में कुल बढ़ोतरी हुई है, जिनमें से अधिकांश अवैध रूप से सीमा पार करके पहुंचे हैं। बाइडेन ने कभी भी औसत अमेरिकियों के लिए इस महत्वपूर्ण मुद्दे को सामने नहीं रखा।मीडिया के अनुसार, अब अमेरिका अपने इतिहास में सबसे ज्यादा विदेशी मूल की आबादी वाला देश है, जिनकी संख्या 15 फीसद से ज्यादा है, यानी एक ऐसा बॉर्डर, जो सुरक्षित होने के बजाय छेद वाला कहा जा सकता है। इसमें बताया गया है कि मतदाता ट्रंप के बयानबाजी के प्रति संवेदनशीलहमेशा से साबित हुए हैं। साथियों बात अगर हम 20 जनवरी 2025 को व्हाइट समारोह में शामिल होने की करें तो, इस समारोह में शामिल होने के लिए कौन से विदेशी नेता आमंत्रित होंगे, यह एक बड़ा सवाल बन चुका है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, कई विदेशी नेताओं को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा चुका है। हालांकि, अभी तक किसी भी आधिकारिक स्रोत से इस बारे में पुष्टि नहीं हुई है।भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी 7 जनवरी को एक बयान जारी करते हुए कहा कि, यदि कुछ नया होता है तो वह मीडिया को किसी भी नई जानकारी से अवगत कराएगा। मेहमानों की अंतिम सूची का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है और संभव है कि भारत के पीएम को भी इस समारोह में आमंत्रित किया जाए, लेकिन अमेरिका के दो प्रमुख अखबार में इस मुद्दे को लेकर जो विश्लेषणात्मक टिप्पणियां आई हैं। उनके आलोक में भारतीय पीएम को निमंत्रण कीसंभावनाएं कम लग रही है। दोनों अखबारों ने यह सवाल उठाया कि क्या इस संबंध की गति में कोई रुकावट आ रही है या अमेरिकी नेतृत्व ने भारतीय पीएम को आमंत्रित करने का निर्णय राजनीतिक कारणों से लिया है। यह घटनाक्रम दोनों देशों के बीच भविष्य में किस तरह के संबंध बनेंगे, इसे लेकर कई सवाल छोड़ जाता है। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार से मुलाकात की थी, जिससे यह संकेत मिलता है कि भारत-अमेरिका संबंधों में रणनीतिक साझेदारी मजबूत हो रही है। लेकिन फिर भी,पीएम का इस समारोह में भाग लेने के बारे में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।दूसरा कारण है आमंत्रित किए जाने वाले नेताओं की संख्या। अमेरिकी शपथ ग्रहण समारोह में आमतौर पर बहुत अधिक विदेशी नेता नहीं बुलाए जाते हैं। यह आयोजन खासतौर पर अमेरिकी राजनीति और देश की आंतरिक प्रक्रियाओं पर केंद्रित होता है। इसमें विदेश नीति के बड़े चेहरे आमतौर पर शामिल नहीं होते, और इसका उद्देश्य अमेरिका के आंतरिक राजनीति और लोकतंत्र के उत्सव को मनाना होता है। तीसरा कारण समय और प्राथमिकताएं हो सकते हैं।यदि हम भारतीय नेताओं के पिछले अनुभवों पर नजर डालें, तो कुछ अवसरों पर उन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया गया था, जबकि कुछ अवसरों पर यह आमंत्रण नहीं दिया गया। साथियों बात अगर हम 20 जनवरी 2025 को ट्रंप के पद भार संभालने पर विश्व में पढ़ने वाले प्रभाव को पांच प्वाइंटों में समझने की करें तो, (1) 1798 का एलियन एनिमीज एक्ट, ट्रंप और उनके समर्थकों की ओर से चुनाव प्रचार अभियान के दौरान बार-बार प्रवासियों को आक्रमणकारी बताया गया, जिसके पीछ वजह है। उन्होंने कहा है कि वह अमेरिका से सभी ज्ञात या संदिग्ध गिरोह के सदस्यों, ड्रग डीलरों या कार्टेल सदस्यों को हटाने के लिए 'एलियन एनिमीज एक्ट का इस्तेमाल' करेंगे। इस कानून का इस्तेमाल अब तक केवल युद्ध के समय ही किया गया है, इसमें बताया गया है कि ट्रंप की ओर से इस कानून के इस्तेमाल पर कानूनी चुनौती मिल सकती है, लेकिन ब्रेनन सेंटर फॉर जस्टिस के कहा है कि कानून की भाषा इतनी व्यापक है कि राष्ट्रपति शांति काल में आपराधिक और आव्रजन कानून की आवश्यकताओं को दरकिनार करते हुए इस अधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं। लेख के अनुसार, ट्रंप ने जरूरत पड़ने पर सेना और स्थानीय कानून प्रवर्तन का इस्तेमाल करने का भी वादा किया है। इसके खिलाफ भी प्रावधान हैं, लेकिन किसी का अनुमान नहीं है कि कंजर्वेटिव कोर्ट उन्हें बरकरार रखेगी या नहीं (2) कार्यस्थल पर छापे, ट्रंप की ओर से 'बॉर्डर जार' (अमेरिकी सीमाओं की सुरक्षा के लिए प्रभारी) के रूप में नामित और इमिग्रेशन और कस्टम्स इंफोर्समेंट के पूर्व कार्यकारी प्रमुख टॉम होमन ने कार्यस्थल पर मारे जाने वाले छापे फिर से शुरू करने का संकल्प लिया है। पहले की सरकारों में प्रवर्तन का एक मुख्य हिस्सा रहे कार्यस्थलों पर छापे बाइडेन के शासन में बंद कर दिए गए थे। (3) जन्मजात नागरिकता, ट्रंप ने कहा है कि वह अमेरिका के बारे में सबसे बुनियादी विचारों में से एक को खत्म करना चाहते हैं, वो यह कि आपके माता-पिता दुनिया के किसी भी कोने से आए हों, अगर आप यहां पैदा हुए हैं तो आप अमेरिकी हैं।' यह एक ऐसा सिद्धांत है जो विशेष रूप से 14वें संशोधन के तहत आता है। उन्होंने कहा है कि वह सरकार को उन माता-पिता की संतानों को सोशल सिक्योरिटी नंबर और पासपोर्ट जारी करने से रोकने का आदेश देंगे जो अपनी कानूनी स्थिति साबित नहीं कर सकते। (4) शरणार्थी कार्यक्रम, जो बाइडेन ने मानवीय पैरोल की नीति समेत कानूनी लोगों को अनुमति देने वाले कार्यक्रमों का विस्तार किया और ऐसा करके अवैध रूप से सीमा पार किए जाने को कम किया। हालांकि, उन्होंने कहा है कि वह अपने कार्यकाल के दौरान वेनेजुएला, हैती, क्यूबा और निकारागुआ से आए पांच लाख से ज्यादा आप्रवासियों के लिए उस ऑथराइजेशन को रीन्यू नहीं करेंगे। वहीं, ट्रंप ने बाइडेन के वर्जन को 'पैरोल का अपमानजनक दुरुपयोग' कहा है और इसे खत्म करने की मांग की है। (5) ड्रीमर्स ट्रंप ने डेमोक्रेट्स को एकमात्र प्रलोभन 'ड्रीमर्स' की सुरक्षा के लिए संभावित कार्रवाई के रूप में दिया है। ड्रीमर्स वे लोग हैं जो बच्चों के रूप में अवैध रूप से इस देश में लाए गए थे। लेख में कहा गया है कि हालांकि यह ट्रंप पर ही निर्भर करता है कि उनका यह प्रस्ताव कितना वास्तविक है क्योंकि उनका रिकॉर्ड मुलाजुला रहा है। उन्होंने अपने पहले कार्यकाल में भी इसी तरह का वादा किया था, लेकिन बाद में वह उससे मुकर गए थे। साथियों बातें कर हम राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा अपने कार्यकाल समाप्त होने के पहलेअप्रवासियों के लिए दिलेरी की करें तो, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन का कार्यकाल 20 जनवरी को खत्म हो जाएगा। ऐसे में अप्रावसियों के लिए नरम दिली दिखाने वाले बाइडन ने जाते-जाते भी अप्रवासियों को तोहफा दिया है। बाइडन प्रशासन ने वेनेजुएला, अल सल्वाडोर, यूक्रेन और सूडान के 9 लाख से ज्यादा अप्रवासियों का टीपीएस 18 महीनों के लिए बढ़ा दिया है। यह कदम ट्रंप के आने के कुछ ही समय पहले उठाया गया है ऐसे में ट्रंप को आते साथ ही इस फैसले को बदलना आसान नहीं होगा। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि विश्व के अनेकों देश 20 जनवरी 2025 तारीख से सहमें क्यों दुनियाँ के आर्थिक, व्यापारिक, अवैध प्रवासीयों पर कड़े फसलों की संभावना भारत सहित अनेकों देशों को 20 जनवरी 2025 के निमंत्रण का इंतजार- अमेरिका के सबसे बड़े संभाव्य मास डेपुटेशन प्लान की कार्यवाही तीव्र व भयावह होगी।

-संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

गीता को जानें - 7

माँ तो गोद में लेने तत्पर है, हमारे पुत्र बनने भर की देर है

गीता मत-मतांतरों से परे सर्वमान्य आध्यात्मिक ग्रंथ है। गीता यह नहीं कहती कि कौन सी माला लें- तुलसी की या रुद्राक्ष की, कैसा टीका लगाएँ- आड़ा या खड़ा, कौन सा पैर आगे बढ़ाएँ- दायाँ या बायाँ, कौन सा पुष्प अर्पित करें- गुलाब का या चमेली का आदि। प्रत्युत गीता तो वास्तविक तत्व का वर्णन करती है। यह तत्व् सभी मनुष्य प्राप्त कर सकते हैं चाहे वह किसी भी देश, वेश, नस्ल? या सम्प्रदाय के क्यों न हों (18.46)। जीवन जीते हुए, अपना कर्म करते हुए भौतिक समृद्धि और इसी जीवन के रहते हुए मुक्ति प्राप्ति का लक्ष्य रखती है गीता। महाभारत के एक श्लोक में गीता की महिमा बताते हुए कहा गया है- गीता सुगीता कर्तव्यात किमन्यैशः शास्त्रभविस्ततरैः। या स्वयं पद्मनाभस्यण मुखपद्मात् विनिःसृता।।

ओमप्रकाश श्रीवास्तव

संसार में हर जीव सुख पाना चाहता है, प्रेम पाना चाहता है, इसीलिए संसार के कार्यकलाप चलते हैं। किसी से प्रेम होने के दो ही कारण होते हैं- पहला यह कि उसकी सुंदरता, मधुरता, बाह्य रूप, गुण हमें मोहित करें और दूसरा कारण है हम उसकी महिमा से परिचित हों। सामान्यतः प्रेमी अपनी प्रेयसी को पहले कारण से प्रेम करता है और बेटा अपनी माँ को दूसरे कारण से। माँ कितनी भी बदसूरत हो, मारती-पीटती हो पर बच्चा उसी की गोद में जाकर शांति पाता है। राजा कैसा भी हो पर उसके अधिकार और उसकी महिमा के कारण सभी उसका आदर करते हैं, उसकी हर आज्ञा के पालन में प्रसन्नता अनुभव करते हैं। यदि किसी प्रेम में यह दोनों ही कारण शामिल हो जाएँ तो फिर कहना ही क्या है। अब एक ऐसी अद्भुत माँ के बारे में सोचें जो सुन्दर है, सहज सरल है, गुणवान है, सुरक्षा देती है, आश्वासन देती है और पग-पग पर मार्गदर्शन करती है तो हम पाएँगे कि वह है गीता माता।

साधकों की सामान्य शिकायत होती है कि गीता कठिन है, बोझिल है, मन नहीं लगता। इसका कारण है कि उनके हृदय में अभी गीता के माहात्यता का ज्ञान नहीं है, गीता की सरलता और मधुरता से उनका परिचय नहीं हुआ है इनके अभाव में गीता के प्रति प्रेम नहीं उपजा है। जब प्रेम उपजता है तो मन गीता में डूब जाता है और तब गीता से सरस, सरल और सुंदर कुछ भी नहीं लगता। इस लेख में हम गीता के माहात्य और गुणों पर कुछ चर्चा करेंगे ताकि उन पर विचार करने से गीता के प्रति जिज्ञासा और प्रेम का प्रारंभ हो।

गीता मत-मतांतरों से परे सर्वमान्य आध्यात्मिक ग्रंथ है। गीता यह नहीं कहती कि कौन सी माला लें- तुलसी की या रुद्राक्ष की, कैसा टीका लगाएँ- आड़ा या खड़ा, कौन सा पैर आगे बढ़ाएँ- दायाँ या बायाँ, कौन सा पुष्प अर्पित करें- गुलाब का या चमेली का आदि। प्रत्युत गीता तो वास्तविक तत्व का वर्णन करती है। यह तत्व् सभी मनुष्य प्राप्त कर सकते हैं चाहे वह किसी भी देश, वेश, नस्ल? या सम्प्रदाय के क्यों न हों (18.46)। जीवन जीते हुए, अपना कर्म करते हुए भौतिक समृद्धि और इसी जीवन के रहते हुए मुक्ति प्राप्ति का लक्ष्य रखती है गीता। महाभारत के एक श्लोक में गीता की महिमा बताते हुए कहा गया है- गीता सुगीता कर्तव्यात किमन्यैशः शास्त्रभविस्ततरैः। या स्वयं पद्मनाभस्यण मुखपद्मात् विनिःसृता।। अर्थात् भगवान् श्रीकृष्ण के मुखकमल से निकली इस गीता को भलीभाँति आत्मसात कर लिया जाए तो फिर किन्हीं अन्य शास्त्रों का अध्ययन करने की जरा भी आवश्यकता नहीं। वैष्णवीय तंत्रसार के एक श्लोक में गीता के महत्वों का गायन इस प्रकार किया गया है- सर्वोपनिषदो गावो दोग्धां गोपालनन्दनः। पार्थो वत्समः सुधीर्भोक्ता दुग्धं गीतामृतं महत।। अर्थात् मानो सभी उपनिषदें गायें हैं, गोपालनंदन उन्हें दुहने वाले ग्वाला हैं, अर्जुन बछड़ा है, गीता ही दूध रूपी अमृत है और



शुद्ध चित्तं के धर्म जिज्ञासु उसे पीते हैं। एक श्लोक में कहा है- भारतामृतसर्वस्वं, विष्णोर्वक्त्राद् विनिःसृतम। गीतागङ्गोदकं पीत्वा् पुनर्जन्म न विद्यते।। अर्थात् गीता भगवान् कृष्णम के मुखारविन्द से निःसृत हुई दिव्यवाणी है यह महाभारत रूपी अमृत का सार है जिसके पान से पुनर्जन्म का चक्र समाप्त हो जाता है। भगवान् ने स्वयं कहा है कि गीता तो मेरा हृदय है- गीता मे हृदयं पार्थ। भगवान् के हृदय में सम्पूर्ण सृष्टि के लिए जो करुणा, प्रेम है वही गीता के रूप में प्रकट हुआ है। गीता में प्रवेश के लिए हम गीता से माता के रूप में प्रार्थना करते हैं कि हे माता, मैं तुम्हारा अनुसंधान करता हूँ- अम्बा त्वामनुसन्दाधामि भगवद्गीते भवद्वेषणी।

वेद अधिकारी व्यक्तियों के लिए हैं, उपनिषद् जानने के लिए तीव्र मेधा की आवश्यकता होती है, ब्रह्मसूत्र विद्वानों के विषय हैं, इन सभी के अध्ययन मनन के लिए बहुत से विधि और निषेध (dos and dontÓs) होते हैं परन्तु गीता का द्वार प्रत्येक स्त्री-पुरुष, प्रत्येक वर्ण और प्रत्येक सामाजिक स्तर के व्यक्तियों के लिए खुला है (9.32)। गीता भविष्य का दावा नहीं करती। वह कहती है कि अनन्त आनन्द का सागर तो अभी और यहीं इसी संसार में है, तुम आओ और अनुभव करो (5.26)। मनुष्य जहाँ है, जैसा है, वैसे ही रहते हुए और जो कार्य कर रहा है वही कार्य करते हुए गीता के माध्यम से अपना कल्याण कर सकता है (18.46)।

गीता की संस्कृत अत्यंत सरल, सहज है। हिन्दी जानने वाला भी थोड़े से प्रयास से गीता की संस्कृत को बिना अनुवाद के यथावत् समझ सकता है। गीता में दो तरह के श्लोक हैं जिन्हें लयबद्ध रूप से गुनगुनाया जा सकता है। श्री राधाकृष्णन कहते हैं कि विश्व रूप दर्शन की अनुभूति को शब्दों में नहीं उतारा जा सकता पर गीता ने इस असंभव कार्य को कर दिया है। काव्यात्मीक वर्णन इतना उच्च है कि पढ़ते हुए रोमांच हो जाता है, सारा दृश्य अंतर्मन में प्रकट हो जाता है। मात्र 700 श्लोकों में जीव और जगत् का सारा रहस्य प्रकट कर देना उच्चतम साहित्यक कौशल का प्रतीक है।

भगवान् की वाणी होने के कारण मृत्यु के समय गीता सुनना अच्छा है परन्तु उससे भी अच्छा है कि जीवन रहते गीता पाठ करते रहें और पाठ के समय यह भाव रखें जैसे भगवान ही हमारे कंठ में विराजमान होकर बोल रहे हैं। ईश्वर अंत समय में हमारे साथ रहें उससे अच्छा है पूरे जीवन भर साथ रहें। उससे भी अच्छा है कि जीवन के हर पग पर ईश्वर को अपना सारथी बनाए रखें अर्थात् युवावस्थो में ही गीता का सहारा ले लें और फिर जीवन भर प्रत्येक परिस्थिति का पुरुषार्थ से सामना करें (2.3) और अंत में परम सत्ता के समक्ष पूर्ण समर्पण कर दें (18.65,66)।

गीता कहती है कि अपने उद्धार और पतन के लिए हम स्वयं ही जिम्मेदार हैं (6.5)। इसलिए गीता में सर्वोच्च आध्यात्मिक प्रजातंत्र है, वह किसी से कोई जोर-जबरदस्ती) नहीं करती है। गीता तो यहाँ तक कहती है कि जिसे सुनने की इच्छा न हो उसे गीता नहीं सुनानी चाहिए (18.67)। गीता की समाप्ति पर भगवान् अर्जुन से कहते हैं कि तुमने सब सुन लिया अब जैसी इच्छा हो वैसा करो- यथेच्छिसु तथा कुरु (18.63)। जो सत्य है उसे प्रचार-प्रसार की जरूरत नहीं होती। असत्य को ही अपनी दुकानदारी के लिए सत्य होने का आडंबर करना पड़ता है। सत्य का आकर्षण इतना प्रबल है कि जो गीता से जुड़ जाता है वह अर्जुन की तरह स्वमेव कह उठता है कि मैं संदेहरहित हो गया हूँ और अब आपकी आज्ञा का पालन करूँगा- करिष्ये वचनं तव (18.73)। सार यह है कि हम बालक बनकर गीता माता के पल्लू को पकड़ कर तो देखें फिर हमें गोद में उठाने का कार्य तो वह स्वयं कर लेगी। **(क्रमशः)**

(लेखक मप्र के गृह सचिव एवं धर्म -दर्शन के साधक हैं)

सार संक्षेप

स्टीव स्मिथ का शतकीय प्रहार, सिडनी सिक्सर्स ने दर्ज की बड़ी जीत

सिडनी : स्टीव स्मिथ ने ट्वेंटी-20 क्रिकेट में अपने कौशल की शानदार याद दिलाते हुए शनिवार को 64 गेंदों में नाबाद 121 रन बनाकर सिडनी सिक्सर्स को बिग बैश लीग (बीबीएल) में पर्थ स्कॉर्चर्स पर 14 रन से जीत दिलाई। करीब 31 हजार दर्शकों की मौजूदगी में स्मिथ ने अपनी शानदार पारी में सात गगनचुंबी छक्के और 10 चौके लगाए जिसके चलते सिडनी सिक्सर्स ने तीन विकेट 220 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। सीन एबॉट ने आगामी श्रीलंका दौरे के लिए ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम अपना दावा मजबूत करने के इरादे से 43 रन पर चार विकेट झटके। उधर एश्टन टर्नर की 32 गेंदों में 66 रनों की शानदार पारी के बावजूद स्कॉर्चर्स सात विकेट पर 206 रन ही बना सकी। स्मिथ की पारी, जिसे बीबीएल इतिहास की सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक रही जिन्होने सतर्क शुरुआत के बाद अपनी रफ्तार बढ़ाई। पांच ओवर के बाद सिडनी का स्कोर एक विकेट पर 24 रन था, लेकिन स्मिथ ने आखिरी 40 गेंदों पर 95 रन बनाने के लिए बाउंड्री की झड़ी लगा दी। स्मिथ ने स्विच-हिट और दुस्साहसिक फ्लिक सहित कई नए शॉट्स खेले। टाई को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, उन्होंने अपने चार ओवरों में 62 रन दिए, जबकि झाय रिचर्डसन ने 51 रन बनाए। मोइजेस हेनरिक्स ने तेज 45 रन बनाकर स्मिथ का विकेट चटकाया। 221 रनों का पीछा करते हुए पर्थ की शुरुआत लड़खड़ा गई। चौथे ओवर में एबॉट ने दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट कर दिया। टर्नर ने जोरदार पारी खेलकर प्रतिरोध प्रदान किया, लेकिन लक्ष्य दुर्गम साबित हुआ क्योंकि पर्थ को अंतिम ओवर में 23 रनों की जरूरत थी। इस जीत से सिडनी दूसरे स्थान पर है, जिससे प्लेऑफ के लिए उसकी स्थिति मजबूत हो गई है, जबकि पर्थ पांचवें स्थान पर है।

बीआर आदित्यन आईटीएफ पुरुष एम-25 फ्यूचर्स टेनिस 13 जनवरी से

चेन्नई : चेन्नई में 13 से 19 जनवरी के बीच खेली जाने वाली बीआर आदित्यन आईटीएफ मेन्स एम-25 फ्यूचर्स टेनिस में भारत समेत 14 देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। एसडीएटी-टेनिस स्टेडियम में आयोजित 30 हजार अमेरिकी डॉलर इनामी राशि वाले इस टूर्नामेंट में भारत के अलावा फ्रांस, नीदरलैंड, यूनाइटेड किंगडम, ग्रीस, जापान, यूक्रेन, चेक गणराज्य, उज्बेकिस्तान, संयुक्त राज्य अमेरिका, मोरक्को, स्विट्जरलैंड, कजाकिस्तान, कोरिया और इंडोनेशिया के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। विजेता टीम को 25 एटीपी अंक और उपविजेता 16 एटीपी अंक प्राप्त होंगे। भारतीय चुनौती का नेतृत्व डेविस कप खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन करेंगे। ड्रा में शामिल अन्य भारतीयों में पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन मनीष, सुरेश कुमार, करण सिंह और वर्तमान राष्ट्रीय उपविजेता नितिन कुमार सिन्हा शामिल हैं। मुख्य ड्रा के लिए चार वाइल्ड कार्ड मनीष सुरेश कुमार, प्रणव कार्तिक, नितिन कुमार सिन्हा और सिद्धांत बांठिया उपलब्ध रहेंगे। ईरान के समन हसनी टूर्नामेंट के लिए आईटीएफ रेफरी होंगे और हितेन होंगे जोशी टूर्नामेंट निदेशक होंगे। क्वालीफाइंग राउंड आज होंगे जबकि मुख्य ड्रा के मैच मंगलवार से खेले जाएंगे। डबल्स का फाइनल शनिवार 18 जनवरी को और सिंगल्स का खिताबी मुकाबला उसके अगले दिन खेला जाएगा।

लैंकशायर के जरिए काउंटी क्रिकेट में वापसी करेंगे एंडरसन

लंदन : इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन अगले सीजन डिवीजन टू काउंटी चैंपियनशिप में वापसी कर सकते हैं। उन्होने कहा कि लैंकशायर के साथ उनकी बातचीत चल रही है। एंडरसन ने पिछले साल जुलाई में लॉर्ड्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने करियर का आखिरी टेस्ट मैच खेला था। उन्होंने 21 सालों तक इंग्लैंड के लिए खेलते हुए 26.45 की औसत से 704 विकेट लिए हैं। एंडरसन ने लैंकशायर के साथ कम से कम एक फाइनल सीजन खेलने का वादा किया है। क्लब के लिए उन्होंने 2002 में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में डेब्यू किया। लैंकशायर पिछले सत्र में काउंटी चैंपियनशिप शीर्ष पर नहीं रह सकी, लेकिन एंडरसन ने जून में साउथपोर्ट में नॉटिंघमशायर के खिलाफ अपने एकमात्र मैच में 35 रन देकर सात विकेट लेकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपनी स्थायी क्षमता का प्रदर्शन किया था। उनके 2025 सत्र की शुरुआत से उपलब्ध होने की उम्मीद है, जिसमें चार से सात अप्रैल तक लैंकशायर के लिए मिडिलसेक्स के खिलाफ लॉर्ड्स में वापसी करेंगे। इस दौरान वह अपनी कोचिंग की भूमिका भी जारी रख सकते हैं। मई में जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र मैच से पहले वह पांच मैचों में खेल सकते हैं। लैंकशायर का पहला घरेलू मैच चैंपियनशिप के दूसरे दौर में ओल्ड ट्रैफर्ड में नॉर्थैंटनशायर के खिलाफ होगा, जो 11 अप्रैल से शुरू होगा। एंडरसन लैंकशायर की सफेद गेंद टीम में भी शामिल हो सकते हैं, हालांकि उन्होंने एक दशक से ज्यादा समय से टी-20 क्रिकेट का कोई भी प्रारूप नहीं खेला है।

वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के लिए पाकिस्तान ने की टेस्ट टीम की घोषणा

इस्लामाबाद : पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप मैचों के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। पिछले साल दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2-0 से सीरीज हारने वाली टीम में बड़े बदलाव किए गए हैं। घरेलू टेस्ट के लिए स्पिन विभाग को मजबूत करने के लिए, साजिद खान और अबरार अहमद की वापसी हुई है जबकि आमिर जमाल, मोहम्मद अब्बास, मीर हमजा और नसीम शाह की तेज गेंदबाजी चौकड़ी को आराम दिया गया है। उनकी जगह अनकैप्ड काशिफ अली को टीम में शामिल किया गया है, उनके साथ खुर्रम शहजाद को भी सीरीज के लिए बरकरार रखा गया है। सलामी बल्लेबाज इमाम-उल-हक और मोहम्मद हुरैरा को केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान घायल हुए सैम अयूब और खराब फॉर्म में चल रहे अब्दुल्ला शफीक के स्थान पर टीम में वापस बुलाया गया है। केप टाउन टेस्ट के दौरान विकेटकीपर-बल्लेबाज हसीबुल्लाह के दाहिने हाथ में चोट लगने के बाद रोहेल नजीर को विकेटकीपर पद के लिए बैकअप के रूप में लाया गया है। टीमः शान मसूद (कप्तान), सऊद शकील, अबरार अहमद, बाबर आजम, इमाम-उल-हक, कामरान गुलाम, काशिफ अली, खुर्रम शहजाद, मोहम्मद अली, मोहम्मद हुरैरा, मोहम्मद रिजवान, नोमान अली, रोहेल नजीर, साजिद खान और सलमान अली आगा। पाकिस्तान दो टेस्ट मैचों में वेस्टइंडीज से भिड़ेगा। दोनों टेस्ट 17 जनवरी और 25 जनवरी से मुल्तान में खेले जाएंगे।

शमी की एक साल बाद टीम इंडिया में वापसी

जसप्रीत बुमराह और सिराज को इंग्लैंड टी-20 सीरीज से आराम, अक्षर पटेल उपकप्तान, पंत बाहर

भारत टी-20 टीम

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अक्षर पटेल (उपकप्तान), संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, ध्रुव जुरेल, रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती और वॉशिंगटन सुंदर।

● मुंबई, वार्ता

इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की वापसी हो गई है। वह वनडे वर्ल्डकप फाइनल के 14 महीने बाद इंटरनेशनल मैच खेलेंगे। वहीं, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को आराम दिया गया है। बीसीसीआई ने शनिवार रात को टीम की लिस्ट रिलीज की।

अक्षर पटेल को टीम का उपकप्तान बनाया गया, सूर्यकुमार यादव कप्तानी करेंगी। ऋषभ पंत को जगह नहीं मिली, उनकी जगह ध्रुव जुरेल बैकअप विकेटकीपर होंगे। वॉशिंगटन सुंदर और नीतीश कुमार रेड्डी को भी टीम में जगह दी गई है। टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला 22 जनवरी को खेला जाएगा। उसके बाद 6 फरवरी से 3 वनडे की सीरीज शुरू होगी। मोहम्मद शमी 14 महीने बाद वापसी कर रहे हैं। उन्होंने 19 नवंबर 2023 को भारत के लिए आखिरी मैच खेला था। शिवम दुबे, जितेश शर्मा, ऋषभ पंत और आवेश खान को जगह नहीं मिली। ध्रुव जुरेल और हर्षित राणा को जगह मिली। नीतीश कुमार रेड्डी, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल और वॉशिंगटन सुंदर के रूप में 4 ऑलराउंडर्स को शामिल किया। शमी ने डोमेस्टिक क्रिकेट में दमदार प्रदर्शन किया। शमी ने चोट के बाद बंगाल की ओर से रणजी ट्रॉफी के राउंड-1 में मध्य प्रदेश के खिलाफ मैच से वापसी की। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली (टी-20) और विजय हजारे ट्रॉफी (वनडे) भी खेला था, जिससे भारतीय टीम में उनकी वापसी की उम्मीद बढ़ गई थी। पिछले साल जनवरी में एंकल सर्जरी कराई थी शमी ने जनवरी-2024 में इंग्लैंड में उन्होंने एंकल की सर्जरी कराई थी। पिछले कई महीने से शमी बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रिहैब कैंप में थे।



राहुल के आराम पर बीसीसीआई सिलेक्टर्स का यू-टर्न

मुंबई, वार्ता : इंग्लैंड सीरीज के लिए केएल राहुल के सिलेक्शन पर बीसीसीआई सिलेक्टर्स ने यू-टर्न लिया है। चयनकर्ताओ ने उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज खेलने को कहा है, ताकि राहुल को चैंपियंस ट्रॉफी से पहले अच्छी प्रैक्टिस मिल जाए। सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि पहले राहुल को चैंपियंस ट्रॉफी तक आराम देने का फैसला किया गया था, जिसे अब बदल दिया गया है। टीम इंडिया को चैंपियंस ट्रॉफी से ठीक पहले 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज खेलनी है। वनडे सीरीज के मुकाबले 6, 9 और 12 फरवरी को खेले जाएंगे। वहीं, टी-20 सीरीज के मैच 22 जनवरी से शुरू होंगे। बॉर्डर-गावस्कर के सभी मैचों में खेले राहुल केएल राहुल ने ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के सभी मुकाबले खेले थे। उन्होंने 5 टेस्ट मैचों में 30.66 की औसत से 276 रन बनाए थे। जिसमें 2 अर्धशतक शामिल हैं। विजय हजारे ट्रॉफी से भी कर्नाटक टीम से बाहर रहे राहुल ने विजय हजारे ट्रॉफी से भी बाहर रहने का फैसला किया है। कर्नाटक की टीम 11 जनवरी यानी आज वडोदरा के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच खेलेगी। राहुल इसमें नहीं खेलेंगे। वहीं अगर कर्नाटक की टीम क्वार्टर-फाइनल को जीतकर आगे बढ़ती है, तो भी राहुल विजय हजारे ट्रॉफी में हिस्सा नहीं लेंगे।

भारत और इंग्लैंड के बीच पहले टी-20 मैच के लिए टिकट की बिक्री आज से होगी शुरू

चेन्नई, वार्ता : भारत और इंग्लैंड के बीच 25 जनवरी को यहां खेले जाने वाले पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए टिकटों की बिक्री रविवार से शुरू होगी। तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन (टीएनसीए) ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि टिकटों की कीमत 1500 रुपये से शुरू होगी जिसकी अधिकतम कीमत 12 हजार रुपये रखी गई है। क्रिकेट प्रेमी अपने टिकट ऑनलाइन प्लेटफॉर्म 'डिस्ट्रिक्ट बाय जोमैटो' मोबाइल ऐप या आधिकारिक वेबसाइट से बुक कर सकते हैं। एमए चिंदबरम मैदान में खेले जाने वाले मैच के लिए कार पार्क और दोपहिया पार्किंग कलैवनार अरंगम (वल्लाजाह रोड) पर उपलब्ध रहेगी जबकि कार पार्किंग चेपक रेलवे कार पार्किंग, विक्टोरिया हॉस्टल (विक्टोरिया हॉस्टल रोड), ओमनडुरार मेडिकल महाविद्यालय परिसर में रखी गई है। स्टेडियम को प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र घोषित किया गया है और कोई प्लास्टिक बैग या कोई अन्य प्लास्टिक ले जाने की इजाजत नहीं होगी। सभी स्टैंडों में जनता और ऑनलाइन खरीदारी करने वाले ग्राहकों के लिए मुफ्त पेयजल की सुविधा उपलब्ध है। गेट पर बारकोड/क्यूआर कोड के साथ ई-टिकट स्कैन करके प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। प्रवेश द्वार मैच से दो घंटे पहले खोले जाएंगे।

सेमीफाइनल में हारे सात्विक और चिराग

पांचवें स्थान पर मौजूद दक्षिण कोरियाई जोड़ी ने सीधे गेम में 21-10, 21-15 से हराया

कुआलालंपुर, वार्ता : सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी मलेशिया सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में शनिवार को कोरिया के किम वोन हो और सियो सियुंग जाए से हार कर मुकाबले से बाहर हो गई है।

40 मिनट तक चले इस मुकाबले में बैडमिंटन विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग की जोड़ी को पांचवें स्थान पर मौजूद दक्षिण कोरियाई जोड़ी ने सीधे गेम में 21-10, 21-15 से हराया। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय बैडमिंटन जोड़ी ने अपनी जीत के लय को बरकरार रखने की पूरी कोशिश की, लेकिन खिताबी मुकाबले में जगह बनाने से चूक गई। सात्विक और चिराग ने पहले गेम की अच्छी शुरुआत की और 3-1 की बढ़त हासिल की, लेकिन इसके बाद गेम में वापसी करते हुए किम वोन हो और सेओ सेउंग जे ने छह अंकों की बढ़त हासिल कर ली। वहीं, भारतीय पुरुष युगल जोड़ी गेम में पलटवार करने में नाकाम रही और दक्षिण कोरियाई जोड़ी ने 21-10 से पहले गेम में आसान जीत दर्ज की। दूसरे गेम में भी दक्षिण कोरियाई जोड़ी ने अपना दबदबा कायम किया, लेकिन सात्विक और चिराग की जोड़ी ने गेम में वापसी करते हुए 11-8 से बढ़त बना ली और मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन इसके बाद किम वोन हो और सेओ सेउंग जे ने बढ़त बनाई और दूसरा गेम जीत कर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। सात्विक और चिराग मलेशिया ओपन के पिछले संस्करण में उपविजेता रहे थे।

सीरीज में अजेय बढ़त हासिल करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

दूसरा वनडे मैच आज, तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे है टीम इंडिया

● राजकोट, वार्ता

नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर की गैर मौजूदगी के बावजूद उत्साह से लबरेज भारतीय महिला टीम आज आयरलैंड के खिलाफ यहां खेले जाने वाले दूसरे एक दिवसीय मैच में जीत के इरादे के साथ मैदान पर उतरेगी।

तीन एक दिवसीय मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में भारत ने आयरलैंड के खिलाफ छह विकेट से आसान जीत हासिल की थी। हरमनप्रीत की अनुपस्थिति में टीम की कमान संभाल रहीं स्मृति मंधाना ने इस मैच में अपनी शानदार फार्म को बरकरार रखते हुये 41 रन का निजी योगदान दिया था वहीं प्रतिका रावल और तेजल हसब्निस ने शतकीय साझेदारी निभाकर टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाया। वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली श्रृंखला में सर्वाधिक विकेट लेने वाली रेणुका सिंह की अनुपस्थिति में टिटास साधु ने अच्छा प्रदर्शन किया जबकि सयाली सतघरे और साइमा ठाकोर ने भी प्रभावशाली गेंदबाजी की। स्पिन विभाग में प्रिया मिश्रा और उप कप्तान दीप्ति शर्मा ने अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई।

श्रीलंका ने जीता मैच, न्यूजीलैंड ने सीरीज

आखिरी वनडे में श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को 140 रनों से रौंदा, कीवियों ने 2-1 से जीती सीरीज

ऑकलैंड, वार्ता : खेल के हर विभाग में मेजबान न्यूजीलैंड को बौना साबित करते हुये श्रीलंका ने सीरीज के तीसरे और आखिरी एक दिवसीय मैच में शनिवार को 140 रनों की बड़ी जीत दर्ज की। हालांकि न्यूजीलैंड ने यह सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली है। श्रीलंका ने पहले खेलते हुए निर्धारित 50 ओवर में आठ विकेट पर 290 रन बनाए जिसके जवाब में न्यूजीलैंड की पारी 29.4 ओवर के खेल में 150 रनों पर सिमट गई। श्रीलंका की जीत में असिता फर्नांडो (26 रन पर तीन विकेट), महीश तीक्षणा (35 रन पर तीन विकेट) और एहसान मलिंगा (35 रन पर तीन विकेट) का योगदान अहम रहा। जिन्होने अपनी धारदार गेंदबाजी से मेजबान बल्लेबाजों को संभलने का मौका तक नहीं दिया। मार्क चैपमेन (81) के अलावा अन्य बल्लेबाज अपना प्रभाव छोड़ने में असफल रहे। चैपमेन अनुभवी तीक्षणा का शिकार बने। इससे पहले पाथुम निसांका (66), कुसल मेंडिस (54),कामिंडु मेंडिस (46) और जनित लियानगे (53) की शानदार पारियों की मदद से श्रीलंका ने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य खड़ा करने में सफलता अर्जित की।

श्रीलंका की जीत में फर्नांडो, तीक्षणा और मलिंगा ने झटके तीन-तीन विकेट

महाराष्ट्र ने पंजाब को 70 रन से हराया

वडोदरा, वार्ता : अर्शिन कुलकर्णी (107) के शतकीय प्रहार के बाद मुकेश चौधरी (44 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी की मदद से महराष्ट्र ने विजय हजारे ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पंजाब को आसानी से 70 रन से हरा दिया। कोटाम्बी स्टेडियम पर महाराष्ट्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 275 रन बनाए जिसके जवाब में पंजाब की पूरी टीम 44.4 ओवरों में 205 रन बना कर पवेलियन लौट गई। महाराष्ट्र की जीत में अर्शिन के अलावा अंकित वावने (60) और निखिल नाइक की 52 रनो की धुआंधार नाबाद पारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्लेयर आफ द मैच चुने गए अर्शिन ने अपनी शतकीय पारी में 137 गेंद खेल कर 14 बार गेंद को सीमारेखा के पार पहुंचाया। पंजाब के अर्शदीप सिंह ने 56 रन देकर तीन विकेट चटकाए जबकि नमन धीर को दो और अभिषेक शर्मा को एक विकेट मिला। चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की शुरुआत फीकी रही।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)